www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 181 जयपुर, रविवार, 11 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

VIVEKANANDA GLOBAL UNIVERSITY VGU JAIPUR

NAAC ACCREDITED A+

ICAR ACCREDITED

# VIVEKANANDA GLOBAL UNIVERSITY JAIPUR

## WHY STICK TO ONE *WHEN YOU CAN* HAVE 2 DEGREES

*from the same university!*

TO KNOW MORE

+91 9549360555

ON. VGU ONLINE VGU Entitled by UGC

FUTURE READY DYNAMIC ONLINE DEGREE PROGRAMMES IN MANAGEMENT AND COMPUTER APPLICATIONS.

WWW.ONLINEVGU.COM

CODE CENTRE FOR DESIGN EXCELLENCE Vivekananda Global University, Jaipur

DEDICATED CENTER FOR NON-STEM EDUCATION IN DESIGN, ARCHITECTURE & PLANNING, VISUAL ARTS, JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION.

WWW.CODEVGU.IN

GCEC Global Centre for Entrepreneurship and Commerce VIVEKANANDA GLOBAL UNIVERSITY

SPECIALIZED INSTITUTE FOR DEGREE IN ENTREPRENEURSHIP, BUSINESS MANAGEMENT, FINANCE, AND COMMERCE.

GCEC.VGU.AC.IN

### ✔ HUB OF ENTREPRENEURS

3 STARTUPS IN BILLIONAIRES CLUB | 3 INCUBATION CENTERS FUNDING WORTH 5 CRORE | 200+ INCUBATED STARTUPS

### ✔ RECORD BREAKING PLACEMENTS

6 LAC AVERAGE PACKAGE | 51 LAC HIGHEST PACKAGE | 200+ RECRUITMENT PARTNERS | 100% PLACEMENT SUPPORT

### ✔ AC ACCOMMODATION & TRANSPORT FACILITY

INDEPENDENT, SINGLE & SHARED AC ROOMS | APARTMENT TYPE HOSTEL | BUS FACILITY ALL OVER THE CITY

**ENGINEERING & TECHNOLOGY**
B.Tech | M.Tech | Ph.D
CSE | CTIS | AI | Cyber Security Civil | Mechanical (EV) | Robotics | Electrical

**BASIC & APPLIED SCIENCE**
B.Sc | B.Sc(H) | M.Sc | Ph.D
Forensic Science | PCM | CBZ | IT

**MANAGEMENT**
BBA | BBA(H) | B.SC + MBA
MBA

**JOURNALISM & MASS COMMUNICATION**
BAJMC | MAJMC | Ph.D

**AGRICULTURE**
B.Sc(H) | M.Sc | Ph.D

**LAW**
BA LL.B | BBA LL.B | LL.B | LL.M | Ph.D

**PHARMACY**
B.Pharma | D.Pharma

**DESIGN**
B.Voc | B.Des | M.Des | Ph.D | BVA | MVA
Fashion & Textile | Interior & Product | Graphics | UX

**COMMERCE**
B.Com (H) | Ph.D
International Finance | Management & Accounting | Banking

**ARCHITECTURE & PLANNING**
B.Arch | M.Plan | Ph.D

**HOTEL MANAGEMENT**
B.VOC | BHMCT | MHM | Ph.D

**ALLIED HEALTHCARE**
B.Sc | M.Sc | BOT | MOT | BPT | MPT
RIT | MUT | OTT (OPT)

**COMPUTER APPLICATION**
BCA | MCA
CTIS | Data Science AI | Ph.D

**HUMANITIES**
BA(H) | MA |Ph.D

**ONLINE PROGRAMS**
BCA | BBA | MBA

ADMISSIONS@VGU.AC.IN
WWW.VGU.AC.IN

☎ 1800-3131-415

VGU CAMPUS, SECTOR 36, NRI COLONY RD, JAGATPURA, JAIPUR

## जरूरी खबर

### 1.20 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र होगा जैविक में परिवर्तित



**जयपुर।** प्रदेश में जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार वृहद् स्तर पर प्रयास कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 1.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत किसानों को जैविक बीज, जैव उर्वरक एवं कीटनाशक उपलब्ध कराए जाएंगे। इस वर्ष 1.20 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को जैविक में परिवर्तित कर कृषकों को लाभान्वित किया जाएगा। इसमें लगभग 23.57 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसी प्रकार, 50 हजार कृषकों को जैविक खेती के लिए प्रति कृषक 5000 रुपए का अनुदान भी दिया जाएगा।

### भरतपुर में खुलेगा रेजिमेंटल हिजामा थैरेपी सेंटर

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भरतपुर में यूनानी चिकित्सा के अन्तर्गत रेजिमेंटल हिजामा थैरेपी का उत्कृष्टता केंद्र खोले जाने की मंजूरी दी है। साथ ही केंद्र के संचालन के लिए 11 नए पद भी सृजित होंगे। इसमें प्रमुख चिकित्साधिकारी यूनानी, वरिष्ठ चिकित्साधिकारी यूनानी ग्रेड-प्रथम, लेबोरेटरी टेक्नीशियन और कनिष्ठ सहायक का 1-1 पद, चिकित्साधिकारी यूनानी के 2, कनिष्ठ यूनानी नर्स/कम्पाउंडर के 5 पदों सहित कुल 11 नए पदों का सृजन किया जाएगा।

### पपीता, अमरूद, अंजीर एक्सीलेंस सेंटर में पद सृजित



**जयपुर।** सिरोही के अंजीर एक्सीलेंस सेंटर, दौसा के पपीता तथा सवाई माधोपुर के अमरूद एक्सीलेंस सेंटर के संचालन के लिए 19 पद सृजित किए गए हैं। अंजीर उत्कृष्टता केंद्र में उपनिदेशक उद्यान, कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद स्वीकृत किए हैं। वहीं पपीता उत्कृष्टता केन्द्र में उपनिदेशक उद्यान, कृषि अनुसंधान अधिकारी, कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक व सहायक प्रशासनिक अधिकारी के 1-1 पद तथा सहायक कृषि अधिकारी के 2 पद सहित कुल 7 पदों का सृजन किया जाएगा। ऐसे ही अमरूद एक्सीलेंस सेंटर के लिए विभिन्न पद सृजित होंगे।

---

**जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए आदिवासी समाज ने मुख्यमंत्री का जताया आभार**

# आरक्षित जातियों को आरक्षण का पूरा लाभ मिले: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति एवं ओबीसी वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन वर्गों के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

साथ ही, इन्हें आरक्षण का पूरा लाभ मिले, इसके लिए भी राज्य सरकार निरन्तर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से आदिवासी समाज के प्रतिनिधिमण्डल ने शनिवार को मुलाकात कर जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर, कोटा की स्थापना के लिए उनका अभिनन्दन किया।



प्रदेशभर में चलाए जा रहे महंगाई राहत कैंपों तथा जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे समाज के लोगों ने विश्वविद्यालय की सौगात के लिए नाच-गाकर अपनी खुशी और उत्साह जाहिर किया। गहलोत ने कहा कि उदयपुर संभाग में जनजाति वर्ग की बहुलता के दृष्टिगत गुरु गोविंद जनजातीय विश्वविद्यालय खोला गया है। इस अवसर पर अखिल भारतीय मीना सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति के अध्यक्ष एवं विधायक लक्ष्मण मीना, विधायक गोपाल लाल मीना, जय मीनेश, आदिवासी विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आर.डी. मीना, संरक्षक के.एल. मीना, पूर्व विधायक कैलाश मीना, पूर्व जिला प्रमुख रामचरण मीना, महावीर मीना, भरत मारन और कमला मीना सहित अन्य व्यक्ति तथा बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### बच्चे शिक्षित होंगे तो समाज की उन्नति

गहलोत ने प्रतिनिधिमण्डल से कहा कि इस विश्वविद्यालय से आदिवासी समाज सहित सर्वसमाज को बहुत फायदा मिलेगा, बच्चे शिक्षित होंगे तो पूरे समाज की उन्नति होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के लिए रियायती दर पर जमीन उपलब्ध कराई। विधायकों को अपने कोष से विश्वविद्यालय के लिए 10 लाख रुपए की राशि देने का प्रावधान किया गया। उन्होंने समाज के सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### राहत कैंपों का उठाएं लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता को महंगाई से निजात दिलाने के लिए महंगाई राहत कैंप आयोजित कर 10 जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश में हर परिवार को 25 लाख रुपए का मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा दिया जा रहा है, जो देश में अन्यत्र कहीं नहीं है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सूचना, शिक्षा, खाद्य सुरक्षा एवं रोजगार का अधिकार के तर्ज पर राजस्थान में स्वास्थ्य का अधिकार कानून बनाकर लागू किया गया है। राज्य में लगभग 76 लाख परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेण्डर उपलब्ध करवाकर महंगाई से राहत प्रदान की जा रही है। वहीं, लम्पी रोग से गायों की मृत्यु पर प्रति गाय 40 हजार रुपए का मुआवजा देने का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को जल्द ही 3 साल की इन्टरनेट कनेक्टिविटी के साथ स्मार्टफोन दिए जाएंगे। इस दौरान गहलोत ने सभी से महंगाई राहत कैंपों में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाने का आह्वान किया।

---

**केंद्रीय मंत्री गोयल व सांसद पूनम महाजन ने गहलोत पर किए वार**

# राजस्थान में समस्याओं की जड़ एक ही व्यक्तिः पीयूष गोयल

## सांसद महाजन ने कहा- पेपर लीक में राजस्थान सरकार को मिलेगा गोल्ड मेडल

**■ केन्द्र की नौ साल की योजनाओं के बारे में दी जानकारी**

**बेधड़क** | जयपुर

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व महाराष्ट्र सांसद व जयपुर ग्रामीण लोकसभा प्रभारी पूनम महाजन शनिवार को दो दिवसीय प्रदेश दौरे के लिए अलवर पहुंचे, जहां उन्होंने पहले तो केंद्र की मोदी सरकार की 9 साल की योजनाओं के बारे में बताया और फिर प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर जुबानी हमला बोला।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि राजस्थान में सभी समस्याओं की जड़ सिर्फ एक व्यक्ति है, जो यहां के सीएम हैं। वहीं महाजन ने राज्य सरकार पर पेपर लीक मामले को लेकर हमला बोला और कहा कि पेपर लीक में प्रदेश की कांग्रेस सरकार को ओलपिंक में गोल्ड मेडल मिल सकता है।



### प्रदेश में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं

केंद्रीय मंत्री गोयल ने आरोप लगाए कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में इतना भ्रष्टाचार था कि खुद कांग्रेस के प्रधानमंत्री राजीव गांधी तक को यह कहना पड़ा था कि केंद्र सरकार जो पैसे भेजती है, वह आम आदमी की जेब तक बहुत कम पहुंचता है। लेकिन मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने ऐसी व्यवस्था लागू की, जिससे आम आदमी की जेब तक सीधा पैसा पहुंचने से भ्रष्टाचार और बीचौलिए खत्म हुए हैं। वहीं कांग्रेस पर जुबानी हमला बोलते हुए गोयल ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार हर कदम पर पूरी तरह से फेल हुई है। यहां भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं बची है। राजस्थान सरकार के कई नमी नेता, मंत्री, विधायक तक भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। इसलिए ईडी की कार्रवाई से डर रहे हैं। वहीं राजस्थान में अपराध बढ़ रहा है, यहां खुलेआम आपराधिक वारदातों को बदमाश अंजाम दे रहे हैं। यहीं कारण है कि एनसीआरबी के रिकॉर्ड में आपराधिक प्रदेशों की गिनती में राजस्थान टॉप पर है। वहीं प्रदेश में चल रहे राहत शिविरों को उन्होंने झूठ की रेवड़ी बताते हुए कहा कि चुनाव से पहले सरकार को आम जनता की याद आई है।

### राज्य अपराध में नंबर एक: महाजन

पूनम महाजन ने भी प्रदेश सरकार पर जुबानी हमला बोला। महाजन ने कहा कि राज्य अपराध में नंबर एक पर आ गया है। आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं के साथ दुष्कर्म, छेड़छाड़, दलित पिछड़ों के साथ अत्याचार की खबरें राजस्थान के कोने-कोने से आ रही हैं। यहां का किसान आत्महत्या कर रहा है। जबकि सरकार यहां योजनाओं के नाम पर रेवड़ी बांट रही हैं।

### कानून एक समान

गोयल ने देश में हो रहे खिलाड़ियों के प्रदर्शन के मामले पर भी कहा कि अगर किसी ने गलत किया है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। कानून किसी के लिए अलग नहीं होकर सभी के लिए समान हैं। इसलिए जांच में जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। वहीं मणिपुर में हो रही हिंसा के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मणिपुर के मुद्दे पर एक न्यायालय का फैसला आया। इसके बाद वहां हिंसा भड़की, लेकिन खुद देश के गृहमंत्री वहां पहुंचे और उस समस्या का समाधान निकालने का प्रयास किया।

---

**मंत्री, MLA को मिल रही धमकियां**

# सरकार की नाकामी से प्रदेश में अपराधी बेखौफ: पालीवाल



**बेधड़क** | जयपुर

आम आदमी पार्टी ने शनिवार को प्रदेश में अपराधों को लेकर कांग्रेस सरकार को घेरा। आप प्रदेशाध्यक्ष नवीन पालीवाल ने कहा कि सरकार की नाकामी से अपराधी बेखौफ होकर आए दिन लूट, हत्या, फिरौती, अपहरण और महिला अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

उन्होंने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम गहलोत के कार्यकाल में आम जन तो छोड़ो अपराधी बेखौफ होकर मंत्री, विधायकों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। इतना ही नहीं अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि हाल ही में नेता प्रतिपक्ष को भी जान से मारने की धमकी दे दी। इससे साफ जाहिर होता है कि प्रदेश में अपराधियों को सरकार या कानून का बिल्कुल भी डर नहीं रह गया है। उन्होंने कहा कि अभी दो दिन पहले ही बारां कांग्रेस के नगर अध्यक्ष गौरव शर्मा को जमीन विवाद में गोली मार दी गई। इतना ही नहीं प्रदेश में आए दिन रेप की घटनाएं भी बढ़ गई हैं।

उन्होंने आगे कहा, प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पुलिस चौकियों को थाने में प्रमोट कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ अपराधों पर कोई लगाम नहीं लग रही है। ऐसा लगता है यह थाने भ्रष्टाचार के अड्डे बन गए हैं। जितनी गंभीरता मुख्यमंत्री ने पिछले साढ़े चार सालों में अपनी कुर्सी को बचाने में दिखाई और अब चुनावों को लेकर दिखा रहे हैं। अगर उतनी गंभीरता से प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर ध्यान देते तो राजस्थान एनसीआरबी के अनुसार अपराध में टॉप पर नहीं होता।

---

**धरना दे रहे अभ्यर्थियों से मिले पार्टी प्रमुख जाखड़**

# तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पदों को बढ़ाकर 60 हजार करने की मांग

**बेधड़क** | जयपुर

भारत नवनिर्माण पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर तृतीय श्रेणी शिक्षकों के पद बढ़ाकर 60 हजार करने की मांग की है।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल जाखड़ ने बताया कि पत्र में सीएम से निवेदन किया है कि 25 फरवरी से 1 मार्च 2023 अध्यापक भर्ती परीक्षा आयोजित की गई थी। इस भर्ती की घोषणा दिसम्बर 2019 में हुई, जिसमें से लेवल 1 के 15,500 अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई। शेष बचे पदों पर पेपर लीक होने की वजह से परीक्षा को रद्द कर दिया गया।



इस कारण हजारों पद रिक्त हैं। भर्ती में विलम्ब, पदोन्नति से पदों का रिक्त होना और अभ्यर्थियों की संख्या में वृद्धि को लेकर जाखड़ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि वर्तमान में 60-70 हजार पद रिक्त हैं, इसलिए प्रक्रियाधीन भर्ती में पदों की संख्या 60 हजार कर बेरोजगारों को राहत प्रदान करें।

जाखड़ शनिवार को जयपुर के शहीद स्मारक धरना स्थल पर भी पहुंचे, जहां पिछले कई दिनों से अध्यापक पदों को बढ़ाने की मांग को लेकर धरना दें रहे हैं। जाखड़ ने अभ्यर्थियों से मिलकर उनकी समस्या समाधान के लिए आश्वस्त किया।

---

**कांग्रेस: पार्टी पर्यवेक्षकों ने दिखाई सक्रियता, जिलों के दौरे किए शुरू**

# जिनके अच्छे काम, उनके ही भेजेंगे नाम

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश कांग्रेस चुनावी मोड में नजर आ रही है। कांग्रेस ने चुनावी मैदान में प्रत्याशियों की खोज शुरू कर दी है। इसी के तहत जयपुर सीकर और अजमेर के लिए पर्यवेक्षक लगाए गए सुखबिंदर सिंह सरकारिया ने शनिवार को जिला पदाधिकारियों की बैठक ली।

सरकारिया ने जयपुर शहर और जयपुर ग्रामीण के विधायकों, प्रत्याशियों और पदाधिकारियों से चर्चा की। बैठक में जयपुर शहर के निवर्तमान अध्यक्ष मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, ग्रामीण के निवर्तमान अध्यक्ष मंत्री राजेंद्र यादव, मंत्री महेश जोशी, विधायक इन्द्रराज गुर्जर, रफीक खान, अमीन कागजी, बाबूलाल नागर सहित विधायक प्रत्याशी मौजूद रहे। इस दौरान सरकारिया ने सभी को फील्ड में काम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। अच्छी-अच्छी योजनाएं लेकर आई है। लोग चाहते हैं कि दोबारा कांग्रेस पार्टी की सरकार बने जैसे पहले अच्छे काम किए हैं वैसे ही आगे हों। सरकारिया ने टिकट वितरण को लेकर कहा कि हाईकमान ने हमें जिम्मेदारी दी है तो अच्छे से करेंगे।



फील्ड में जाकर लोगों से बात करेंगे और जो अच्छे होंगे, जिनके काम अच्छे होंगे, उनके नाम आगे भेजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारे नाम भेजे जाने के बाद हाईकमान आगे का फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि टिकट वितरण का क्राइटेरिया भी तय किया जाएगा। जो गाइडलाइन होगी उसके अनुसार ही टिकट दी जाएगी।

---

**दल बदलुओं पर भाजपा व कांग्रेस आमने-सामने**

# पार्टी और पाला बदलने वालों को जनता स्वीकार नहीं करती: डोटासरा

**■ अरुण चतुर्वेदी बोले- कांग्रेस में सुलह हो चुकी तो अंदरूनी खींचतान क्यों?**

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में सियासी उठापटक जारी है। इस बीच किसी नेता के नई पार्टी बनाने की चर्चा है तो किसी नेता के पार्टी बदलने की खबर सामने आ रही है। इन्हीं दल बदलुओं पर भाजपा-कांग्रेस आमने- सामने हो गई है।

चुनावों से पहले प्रदेश में हो रही सभी चर्चाओं को लेकर भाजपा व कांग्रेस के नेता एक-दूसरे पर जुबानी हमला बोल रहे हैं। यहीं कारण है कि शनिवार को पीसीसी चीफ डोटासरा ने हाल ही में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए सुभाष महरिया पर कटाक्ष किया।



तो भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कांग्रेस की अंदरूनी खींचतान पर बयानबाजी की है। वहीं नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने भी पायलट के कार्यक्रम पर निशाना साधा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मिनट-मिनट में पार्टी और पाला बदलने वालों को जनता स्वीकार नहीं करती हैं।

इंसान की कीमत जगह पर रहने से ही होती है। डोटासरा के इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों को कहना है कि डोटासरा ने इस बयान के जरिए पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर निशाना साधा है।

वहीं भाजपा से कांग्रेस में गए और हाल ही में फिर वापस भाजपा शामिल हुए सुभाष महरिया को लेकर पीसीसी चीफ के बयान का अर्थ निकाला जा सकता है।

### पायलट बताएं, सुलह हुई तो उन मुद्दों का क्या होगा जो उठाए थे?



वहीं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने शनिवार कहा कि अगर कांग्रेस में सब कुछ ठीक-ठाक है, तो पार्टी के बड़े नेताओं को बार-बार स्पष्टीकरण क्यों देना पड़ रहा हैं। चतुर्वेदी ने कहा कि क्या सचिन पायलट यह बता सकते हैं कि जब उनकी सुलह हो गई है, तो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जाकर उन्होंने जो मुद्दे उठाए थे और आगे भी उठाते रहने की बात कह रहे थे, उनका क्या होगा? पायलट ने दिल्ली में बैठक के बाद कहा था कि युवाओं के मुद्दे, सामान्य व्यक्ति वर्ग के मुद्दों को वो उठाते रहेंगे। इसलिए उनसे सभी को उम्मीद है कि वह अपने बयान पर अडिग रहेंगे।

### सचिन पायलट का जहाज ऑटो मोड पर, कोई नहीं जानता कहां उतरेगा?



सचिन पायलट के आज होने वाले कार्यक्रम को लेकर नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा है कि पायलट ने 11 तारीख को कई काम किए हैं। उन्होंने अपनी ही सरकार के खिलाफ जन संघर्ष यात्रा निकाली। आरपीएससी पर सवाल खड़े किए, लेकिन 11 जून को वो अपने मुद्दों पर खड़े नहीं रहते हैं, तो यहीं समझा जाएगा कि किस्सा कुर्सी का था। राठौड़ ने कहा कि अगर अब पायलट वापस जाकर सुलह की बात करते हैं, तो फिर यह मुद्दों की बात नहीं थी, केवल किस्सा कुर्सी का था। उन्होंने कहा कि 11 तारीख को कौन 9, 2, 11 होता है। यह समय बताएगा। लेकिन पायलट का जहाज ऑटो पायलट मोड पर उड़ रहा है। कहां उतरेगा कोई नहीं जानता है।

### जोशी का सरकार पर निशाना

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने बारां कांग्रेस शहर अध्यक्ष गौरव शर्मा की हत्या कांग्रेस के ही महासचिव द्वारा किए जाने की घटना को लेकर गहलोत सरकार पर हमला बोला है। सीपी जोशी ने कहा जिस सरकार में उसकी पार्टी के पदाधिकारी ही सुरक्षित नहीं है, पार्टी के पदाधिकारी ही गुंडा गर्दी करते हैं, वह सरकार आमजन को किस प्रकार सुरक्षा देगी। प्रदेश में लगातार बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए गहलोत सरकार ही पूरी तरह से जिम्मेदार हैं। बड़े और गम्भीर अपराध यहां पर आम हो चुके हैं, महिला और दलित अपराधों में राजस्थान नम्बर एक पर आ गया है। प्रदेश में जंगल राज है, लेकिन सरकार महिला सुरक्षा और आमजन की सुरक्षा को लेकर थोथे दावे करने में ही व्यस्त है। सीपी जोशी ने कहा साढ़े चार साल से गहलोत सरकार ने प्रदेश को सिर्फ शर्मसार करने का का म किया है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 181 | जयपुर, रविवार, 11 जून, 2023 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

## जरूरी खबर

### मेडिकल में प्रवेश की अब साझा काउंसलिंग



**नई दिल्ली।** देश के सभी चिकित्सा संस्थानों में अब एक केंद्रीय साझा काउंसलिंग के आधार पर प्रवेश मिलेगा। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने अपने नए विनियमों में नीट-यूजी की रैंकिंग के आधार पर देश के सभी चिकित्सा संस्थानों के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एक साझा काउंसलिंग का प्रस्ताव किया है। कोई भी चिकित्सा संस्थान इन नियमों का उल्लंघन कर किसी भी उम्मीदवार को स्नातक चिकित्सा शिक्षा पाठ्यक्रम में दाखिला नहीं देगा। अधिसूचना के मुताबिक काउंसलिंग पूरी तरह से एनएमसी प्रदत्त सीट ढांचे पर आधारित होगी। जरूरत होने पर कई दौर में साझा काउंसलिंग आयोजित की जा सकेगी। धारा 17 के तहत नामित एजेंसी काउंसलिंग का आयोजन करेगी।

### रेल हादसा: बाहानगा स्टेशन CBI ने किया सील




**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले में स्थित बाहानगा बाजार स्टेशन पर अगले आदेश तक कोई ट्रेन नहीं रुकेगी, क्योंकि रेल हादसे की जांच कर रहे सीबीआई ने 'लॉग बुक' और उपकरण जब्त करने के बाद स्टेशन को सील कर दिया है। इस बीच, रेलवे बोर्ड ने शनिवार को ट्रेन के परिचालन संबंधी तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और लेवल-क्रॉसिंग के दूरसंचार उपकरण और प्वाइंट तथा ट्रैक सर्किट सिग्नल के साथ सभी रिले रूम के लिए ''डबल-लॉक'' व्यवस्था का आदेश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

**दिल्ली में भाजपा का मंथन:** राजस्थान की नई टीम को लेकर कवायद अंतिम दौर में, अरुण सिंह के घर पर चली मैराथन बैठक

# राज्य प्रभारी पद की दौड़ में गुजरात के सीआर पाटिल आगे!

**बेधड़क** | नई दिल्ली/जयपुर



प्रदेश भाजपा की नई टीम को लेकर कवायद अंतिम दौर में है। नई दिल्ली में प्रदेश के नेताओं के साथ भाजपा के केन्द्रीय नेताओं की शनिवार को मैराथन बैठक हुई। दरअसल, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह के सरकारी निवास पर साढ़े चार घंटे से भी ज्यादा प्रदेश की नई टीम और अन्य चुनावी मुद्दों को लेकर मंथन हुआ। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी भी मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश भाजपा की नई टीम को लेकर चर्चा की गई। नई टीम में ज्यादातर उन नेताओं को जगह दी जा रही है जो विधानसभा की चुनावी कवायद से दूर हैं। उन वर्तमान पदाधिकारियों को टीम से हटाया जाएगा, जो विधानसभा चुनाव में टिकट की दावेदारी जता रहे हैं। इसके अलावा नई टीम में क्षेत्रीय और जातिगत संतुलन को लेकर भी कवायद की जा रही है।

## पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चतुर्वेदी मिले नड्डा और शाह से

### सूची... कभी भी

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पार्टी की राजस्थान प्रदेश की टीम की सूची किसी भी समय जारी की जा सकती है। इसे लेकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन महामंत्री बीएल संतोष से भी प्रारंभिक चर्चा हो चुकी है। संगठनात्मक नियुक्तियों को लेकर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ही साइनिंग अथॉरिटी है। यह भी बताया जा रहा है कि प्रदेश भाजपा के दो नेताओं को पार्टी की राष्ट्रीय टीम मे भी जगह दी जा सकती है।

### चतुर्वेदी का शामिल होना बड़ा संदेश



भाजपा की इस बैठक में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष चतुर्वेदी का शामिल होना बड़ा संकेत माना जा रहा है। चतुर्वेदी शुक्रवार को दिल्ली पहुंच गए थे। शुक्रवार देर रात उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। चतुर्वेदी की इन दोनों नेताओं के साथ मुलाकात भाजपा के भवन निर्माण कार्यों को लेकर थी। चतुर्वेदी भाजपा की भवन निर्माण कमेटी में सदस्य है।

### प्रदेश प्रभारी को लेकर तीन नामों पर चर्चा

राजस्थान भाजपा में नए प्रदेश प्रभारी को लेकर भी चर्चा जोरों पर है। भाजपा के दिल्ली दरबार में इस पद के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और गुजरात भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीआर पाटिल के नामों को लेकर चर्चा है। इनमें पाटिल का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। पाटिल गुजरात भाजपा के अध्यक्ष हैं और ओबीसी से हैं। वे भाजपा में संगठनात्मक ताकत से चुनाव लड़वाने के मास्टर तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के निकटतम माने जाते हैं।

**लोकसभा चुनाव:** समय से पहले होने की चर्चाएं गर्म

# विधानसभा के साथ पार्लियामेंट इलेक्शन होने की अटकलें तेज

### कर्नाटक की हार के बाद बदले माहौल से भाजपा में बढ़ी चिंता



### राजस्थान व छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भारी

तमाम बदलाव के बाद भी दोनों राज्यों में कांग्रेस अभी बीजेपी पर भारी दिख रही है। दोनों राज्यों में मुख्यमंत्रियों की योजनाओं का बड़ा असर है, जबकि मध्यप्रदेश में बीजेपी की आपसी लड़ाई कांग्रेस को फायदा पहुंचा रही है। कांग्रेस की सरकार गिरा कर बीजेपी में शामिल होने वाले ज्योतिरादित्य सिंधिया खुद इस समय चौतरफा घिर गए है। बीजेपी वाले उन्हें आज तक स्वीकार नहीं कर पाए।

## दो राज्यों में न तो चला 'मोदी फेस' ना ही हिंदुत्व का मुद्दा

**बेधड़क** | नई दिल्ली

एक बार फिर लोकसभा के चुनाव समय से पहले कराने की चर्चा शुरू हो गई है। जो बदलाव के हालात देश में बनते दिख रहे हैं, उनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा के चुनाव इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों के साथ करा सकते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जा रहा है कि कर्नाटक की करारी हार के बाद बीजेपी के रणनीतिकार चिंता में है। हिमाचल प्रदेश के बाद कर्नाटक दूसरा ऐसा राज्य रहा, जहां पर न तो हिंदुत्व का मुद्दा चला और ना ही प्रधानमंत्री मोदी का फेस। यही नहीं, कांग्रेस ने चुनाव को राहुल बनाम मोदी भी नहीं बनने दिया, जबकि बीजेपी भरसक कोशिश में थी कि चुनाव किसी तरह से मोदी बनाम राहुल हो जाए।

अब इस साल जिन राज्यों में चुनाव हैं उनमें राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना बड़े राज्य हैं। दक्षिण के राज्य तेलंगाना में के.चंद्रशेखर राव की पार्टी बीआरएस को फिलहाल कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। अब रहे बाकी तीन राज्यों में बीजेपी का सीधा मुकाबला कांग्रेस से है। इनमें राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सत्ता में है, जबकि मध्यप्रदेश में विपक्ष में है। चुनाव के लिए 6 महीने बचे हैं, लेकिन बीजेपी बीते सालों के मुकाबले राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सीन में ही नहीं दिखाई दे रही है।

### लोस चुनाव साथ करवा मोदी चेहरा भुनाने की कवायद

बीजेपी आलाकमान भी समझ रहा 2018 जैसे हालात नहीं। तब तीनों राज्य हारने के बाद भी केंद्र में बीजेपी की आसानी से वापसी हो गई थी, लेकिन इस बार महाराष्ट्र और बिहार में हालत अच्छी नहीं है। ऐसे में ये प्रमुख राज्य इस बार हाथ से निकल गए तो 2019 वाला इतिहास दोहराने की उम्मीद कम है। ऐसे में इसलिए चर्चा शुरू हो गई है कि लोकसभा चुनाव इन राज्यों के साथ कराए जाएं तो प्रधानमंत्री मोदी को चेहरा बनाना काम कर जाएगा, क्योंकि पीएम पद की लोकप्रियता में उनका अभी कोई मुकाबला नहीं है। तब तक विपक्ष भी एकजुट हो चेहरा तय नहीं कर पाएगा। इससे राज्यों के परिणामों में भी बदलाव आ जाएगा। इसलिए बीजेपी आलाकमान राज्यों को लेकर अभी उदासीन बना हुआ है।

### भ्रष्टाचार के आरोप में दम नहीं

राजस्थान में भी बीजेपी ने पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को पूरी तरह से साइड किया हुआ है। प्रदेशाध्यक्ष जोशी अकेले संघर्ष कर रहे हैं। इनके साथ अब किरोड़ी मीणा जुटे हैं। केंद्र में मंत्री पद की कोशिश में लगे मीणा भ्रष्टाचार को मुद्दा बना गहलोत व उनके परिवार पर जो आरोप लगा रहे हैं, 2013 में राजे भी लगा चुकी हैं। तब भी गहलोत ने चुनौती दी थी कि राजे साबित कर दें कि उनके परिवार के पास होटल या अन्य जमीन है तो वे राजनीति से संन्यास ले सारी संपत्ति राजे के नाम कर देंगे। आज तक कुछ साबित नहीं हुआ। साल 2020 में सरकार गिराने में नाकाम रहने के बाद ईडी ने तब भी मुख्यमंत्री के परिवार और करीबियों पर छापे मारी की थी, लेकिन निकला कुछ नहीं।

**मुख्यमंत्री की दो बड़ी सौगात**

# प्रदेश के सात जिलों में खुलेंगी खेल अकादमियां

■ नीम का थाना-कोटपूतली स्टेट हाईवे बनाया जाएगा 4-लेन

**बेधड़क** | जयपुर



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की दो बड़ी योजनाओं की सौगात दी है। उन्होंने नीम का थाना-कोटपूतली सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के लिए 178 करोड़ रुपए के वित्तीय प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। इस निर्णय से नीम का थाना-कोटपूतली तक 38 किमी लंबी सड़क को डिवाइडर बना 4 लेन का किया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई बढ़ने से मार्ग पर यातायात सुगम हो सकेगा। इस मार्ग को चौड़ा करने के लिए लंबे अर्से से मांग की जा रही थी। अब कोटपूतली और नीम का थाना जिला बन चुका है। ऐसे में इस सड़क पर यातायात का दबाव और बढ़ेगा। इस सड़क को लेकर मुख्यमंत्री ने अपने बजट में घोषणा की थी।

एक अन्य स्वीकृति में मुख्यमंत्री ने राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 जिलों में खेल अकादमियों के लिए 14.25 करोड़ रुपए की वित्तीय मंजूरी दी है। इस मंजूरी के बाद सीकर के कोलिड़ा एवं बांसवाड़ा में फुटबॉल अकादमी, बीकानेर में साईक्लिंग अकादमी, भीलवाड़ा में कुश्ती अकादमी, राजगढ़ (चूरू) में एथलेक्टिस अकादमी तथा बाड़मेर व सीकर में बास्केटबॉल अकादमी की स्थापना की जाएगी।

इन अकादमियों का निर्माण 2-2 करोड़ रुपए की लागत से होगा। साथ ही, डीडवाना (नागौर) में कबड्डी अकादमी का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से स्थानीय स्तर पर ही युवाओं को खेलों में भाग लेने के अवसर और प्रेरणा मिलेगी।

## WTC Final: भारत को जीत के लिए अब चाहिए 280 रन

**एजेंसी** | लंदन

यहां ओवल में खेले जा रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल में शनिवार को चौथे दिन 444 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही टीम इंडिया ने दूसरी पारी में स्टंप्स के समय तक 40 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाए।

भारत को पांचवें दिन खिताब जीतने के लिए 280 रन की जरूरत है। कोहली 44 और रहाणे 20 रन बनाकर नाबाद क्रीज पर हैं। इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 84.3 ओवर में 270/8 का स्कोर बनाने के बाद घोषित कर दी।

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाए थे, जिसके जवाब में भारतीय टीम 296 रन ढेर हो गई थी।

**पेपर लीक मामला: ईडी कस रहा शिकंजा**

## बनय सिंह से हुई पूछताछ

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान के पेपर लीक मामले में ईडी का शिकंजा कसता जा रहा है। ईडी के निशाने पर प्रदेश के कई नामी लोग आ गए हैं। जानकारों की मानें तो ईडी ने पेपर लीक मामले में राजीव गांधी स्टडी सर्किल के राज्य समन्वयक डॉ.बनय सिंह से कई घंटों तक पूछताछ की। वहीं, बनय सिंह के जयपुर में स्थित घर की तलाशी में ईडी की टीम ने कई दस्तावेज जब्त किए हैं।




सूत्रों ने बताया कि पूछताछ के दौरान बनय सिंह से डीपी जारोली, अरविंद सेंगवा, राम कृपाल मीणा, बीएस बैरवा, सुभाष यादव, प्रदीप पाराशर और ध्यानचंद गोठवाल के बारे में पूछताछ की, जिनके नाम राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा ने भी लेते हुए आरोप लगाए थे।

वहीं, राज्य लोक सेवा आयोग के सदस्य बाबूलाल कटारा सहित दो दर्जन से ज्यादा लोगों से पूछताछ की है। ईडी ने कटारा के साथ ही आयोग के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय सहित 24 लोगों को पूछताछ के लिए नोटिस भी दिया है। इस मामले को लेकर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट किया है कि रीट पेपर लीक मामले में ईडी की जांच के कसते शिकंजे में अब धीरे-धीरे राजीव गांधी स्टडी सर्किल के किरदारों के नाम सामने आएंगे।

**कांग्रेस का घर-घर संपर्क मिशन**

# अब जनता से घरेलू रिश्ता बनाएंगे कांग्रेसी नेता... जीतेंगे वोटर का दिल

- सुख-दुख में साथ व घर-घर दस्तक देकर बढ़ाएंगे जनाधार
- बौद्धिक व वैचारिक रूप से लीडरशिप को मजबूत करने में जुटा संगठन
- लगातार चुनाव जीत रहे नेताओं का उदाहरण बन रहा व्यवहार का तरीका

**हिमांशू शर्मा** | बेधड़क

जयपुर। इस बार कांग्रेस नेता आमजन से उनके जैसे ही बनकर संपर्क करते नजर आएंगे। कांग्रेस ने इसके लिए ट्रेनिंग भी शुरू कर दी है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कार्यकर्ताओं को बौद्धिक और वैचारिक रूप से मजबूत करने में जुट गया है। आरएसएस के तौर-तरीके से मुकाबले के लिए यह मिशन शुरू किया गया है। इसमें साधारण पहनावे में खादी की टोपी पहचान बनेगी। इस प्रशिक्षण के बाद कांग्रेस लीडरशिप आमजन के सुख-दुख में साथ देकर जनाधार जुटाने के लिए घर-घर तक अपनी पहुंच बढ़ाएगी।



*श्रमदान करते कांग्रेस के नेता।*

### अपने कराए विकास और अन्य कार्य नहीं गिनाएंगे

सर्वोदय संकल्प प्रशिक्षण में जनता और नेता के बीच क्रेता व विक्रेता का संबंध खत्म कर घर का रिश्ता बनाने के टिप्स दिए जा रहे हैं। इसकी शुरुआत कांग्रेस ने पंचायतीराज और नगरीय निकाय से जुड़ी लीडरशिप के साथ शुरू की है, ताकि गांव-ढाणी तक दस्तक दी जा सके। ट्रेनिंग में कांग्रेस विचारधारा पर बौद्धिक रूप से और मजबूती दी जा रही है। लीडर्स को सीख दी जा रही है कि वे जनता के बीच जाकर यह नहीं गिनाएं कि उन्होंने क्या विकास कार्य या अन्य काम करवाए हैं, बल्कि जनता से ऐसा रिश्ता बनाएं कि जनता उन्हें परिवार का सदस्य समझे और नेता के सामने वोट देने की शर्तें न रखे।

### श्रमदान करके जनता से जुड़ेंगे नेता

संगठन जनप्रतिनिधियों को नेतृत्व कौशल बढ़ाने के गुर सिखा रहा है। प्रशिक्षण में नेतृत्व व बौद्धिक क्षमता एवं वैचारिक स्पष्टता से आम जनता से चूल्हे का रिश्ता बनाने पर जो दिया जा रहा है। इसके लिए नेताओं को जनता के सुख-दुख में भागीदार बनने, मंदिर-मस्जिद के भंडारे व बेटी के विवाह में श्रमदान करने और साधारण पेंट-शर्ट पहन कर आमजन के बीच जाने की ट्रेनिंग दी जा रही है।

### जनप्रिय नेताओं की केस स्टडी

युवा नेताओं को ऐसे नेताओं की केस स्टडी कराई जा रही है, जिनका जनता से लंबे समय से खास रिश्ता है। युवाओं का संवाद ऐसे नेताओं से कराया जा रहा है, जो लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं, ताकि उन्हें टिप्स मिलें। ऐसे लोगों में आदिवासी परिवार के मांगीलाल गरासिया, वर्तमान में कांग्रेस सरकार में मंत्री बृजेन्द्र ओला, 5 बार से अधिक जिला परिषद सदस्य रहीं उर्मिला धायल से लेकर 7 बार चुनाव जीतने वाले सरपंच जैसे जनप्रतिनिधियों से रू-ब-रू करवाया जा रहा है।

> साधारण पहनावे से जनता से रिश्ता कायम करने के लिए नेतृत्व विकसित किया जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को स्वयं की नैतिक चेतना विकसित करके लोगों के भीतर सत्य, अहिंसा, प्रेम व सद्भाव जैसे मूल्यों को पुनर्जीवित करने का कार्य कर जनता से पारिवारिक चूल्हे का रिश्ता बनाकर संवाद के लिए तैयार करने की यह कार्ययोजना है।
>
> **-डॉ. सीबी यादव,**
> प्रदेशाध्यक्ष, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन

## जरूरी खबर

### युवक के सुसाइड मामले में थाने का किया घेराव



**अजमेर।** क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में खुदकुशी करने वाले युवक के परिजनों ने शनिवार को थाने का घेराव किया। परिजनों ने युवक की प्रेमिका की गिरफ्तारी की मांग रखी। छोटी बहन अंजुलता ने बताया कि तीन साल से एक लड़की ने उसे प्रेम जाल में फांस रखा था और 7 से 8 लाख रुपए भी उससे हड़प लिए थे। अब वह लड़की विदेश जा रही है और उसने शादी करने से इनकार कर दिया। इससे डिप्रेशन में आकर उसके भाई ने खुदकुशी की है।

### छत से गिरा चलता पंखा, दूल्हा हुआ लहूलुहान

**नागौर।** मकराना के गौड़ावास मोहल्ले में एक दूल्हे पर चलता हुआ छत का पंखा गिर गया, जिससे उसकी गर्दन और हाथ पर कई बड़े कट लग गए। मार्बल व्यापारी इकराम (27) पर शनिवार दोपहर 12 बजे छत का पंखा गिर गया। शुक्रवार को इकराम की शादी अब्दुल सराय निवासी जन्नत (24) पुत्री मेहमूद आलम से हुई थी। रात्रि में सारी वैवाहिक रस्में हुई। शनिवार सुबह 6 बजे उसकी पत्नी मायके चली गई। वहीं इकराम कमरे में सोया था। दोपहर में अचानक कमरे से इकराम के चिल्लाने की आवाज आई। सभी दौड़कर वहां गए तो इकराम खून से लथपथ था। उसे तुरंत सरकारी अस्पताल जाया गया। उसकी गर्दन में 26 टांके आए हैं।

### महाकाल गैंग 005 का बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भरतपुर।** नवयुवकों को अवैध हथियार बेचने, फायर कर लोगों में गैंग का भय दिखा खनन क्षेत्र और आमजन से वसूली करने के मामले में फरार चल रहे महाकाल गैंग 005 के शातिर बदमाश योगेश गुर्जर (25) निवासी हर नगर थाना रुदावल को थाना सदर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि 10 अप्रैल की रात मलाह गांव में महाकाल गैंग के सरगना लल्लू शूटर और साथियों ने अमित गुर्जर पर फायरिंग की थी। पुलिस मामले में पूर्व में 25 हजार रुपए के इनामी आरोपी राजेश उर्फ अनुज उर्फ लल्लू शूटर और मंगल, रवि और विकास उर्फ ब्रह्मानंद को पूर्व में गिरफ्तार कर चुकी है। योगेश पर लूट, डकैती के पांच मामले दर्ज हैं।

---

**कांग्रेस पर्यवेक्षक सुखविंदर सिंह सरकारिया के अजमेर आगमन पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत**

# संगठनात्मक फीडबैक लिया, आलाकमान को भेजेंगे रिपोर्ट

**बेधड़क** | अजमेर

जिले के कांग्रेस पर्यवेक्षक सुखविंदर सिंह सरकारिया राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र राठौड़ एवं राजस्थान स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र के अध्यक्ष मुमताज मसीह का शनिवार को अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्हें संगठन के बारे में फीड बैक दिया गया।



सरकारिया के अजमेर आगमन पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 51 किलो फूलों की माला व साफा-दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कांग्रेस पर्यवेक्षक सरकारिया ने पार्टी नेताओं से आगामी विधानसभा चुनाव में संगठनात्मक स्थिति एवं बूथ प्रबंधन पर बातचीत की। इस दौरान कांग्रेसियों ने बताया कि राजस्थान सरकार के महंगाई राहत कैंप से आम जनता को महंगाई से राहत मिल रही है। इससे आमजन में उत्साह है।

यह कांग्रेस की सरकार रिपीट होने का सकारात्मक संदेश है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जसराज जयपाल, अजमेर डेयरी के सदर रामचंद्र चौधरी, पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी, पूर्व विधायक डॉ. श्रीगोपाल बाहेती, डॉ. राजकुमार जयपाल, हाजी कय्यूम खान, मनोज चौहान, दामोदर शर्मा, शिव कुमार बंसल, नोरत गुर्जर, मुबारक चीता, नेता प्रतिपक्ष द्रोपदी कोली, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल, वाहिद मोहम्मद, पार्षद हेमंत जोधा, लक्ष्मी बुंदेल, विश्राम चौधरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने सुखविंदर सिंह सरकारिया से मुलाकात कर फीडबैक दिया।

### जिताऊ उम्मीदवार को मिलेगा टिकट

कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेने पहुंचे कांग्रेस प्रर्यवेक्षक सुखविंदर सिंह सरकारिया ने मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों को देखते हुए संगठन को लेकर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पार्टी का पूरा फोकस सरकार रिपीट करने को लेकर है। इसके लिए संगठनात्मक स्तर पर फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार जिताऊ उम्मीदवारों को ही टिकट दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्याशियों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर चर्चा की जाएगी। वहीं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों से भी फीडबैक लिया जा रहा है। इसके बाद पूरी रिपोर्ट पार्टी आलाकमान को सौंपी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिताऊ उम्मीदवार को टिकट देकर फिर से राजस्थान में पार्टी की सरकार बनाई जाएगी।

### शिविरों में दिख रहा उत्साह

कांग्रेस पर्यवेक्षक सुखविंदर सिंह सरकारिया से मिलने पहुंचे कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सरकार की योजनाओं को लेकर फीडबैक दिया। इसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान में सरकार की ओर से जो महंगाई राहत कैंप लगाए जा रहे हैं, उनमें आमजन का विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए राहत शिविरों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। खासकर निशुल्क बिजली, चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना, फसल बीमा आदि योजनाओं का लोगों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा है। अब तक राहत शिविरों में योजनाओं का लाभ लेने के लिए लाखों लोगों ने पंजीकरण कराया है और यह सिलसिला लगातार जारी है।

---

**नशे के खिलाफ जिला पुलिस की लगातार दूसरे दिन बड़ी कार्रवाई**

# झारखंड से जोधपुर लाया गया 1.40 करोड़ का डोडा पोस्त जब्त

**बेधड़क** | जोधपुर

प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जोधपुर पुलिस ने एक बार फिर कार्रवाई करते हुए नशे की बड़ी खेप पकड़ी है। जोधपुर ग्रामीण पुलिस ने एक ट्रक से 2801 किलो डोडा-पोस्त जब्त किया है।

इसकी कीमत करीब 1.40 करोड़ रुपए बताई जा रही है। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने डोडा-पोस्त झारखंड से जोधपुर लाना बताया। पूछताछ में नशे के बड़े नेटवर्क के खुलासे की संभावना है। जोधपुर ग्रामीण एसपी धर्मेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्र में नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। उसी अभियान के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से 2801 किलो ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं ट्रक को भी जब्त किया गया है। जोधपुर ग्रामीण एसपी ने बताया कि मुखबिर से भारी मात्रा में डोडा-पोस्त लाने की सूचना मिली। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ को पकड़ने के लिए जिले की स्पेशल टीम गठित की गई। जयपुर-जोधपुर हाईवे पर नाकाबंदी की गई।



### पुलिस ने ट्रक का पीछा कर पकड़ा

पुलिस को नाकाबंदी के दौरान झुंझुनूं नंबर का एक ट्रक आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने ट्रक को रोकने का इशारा किया तो चालक ट्रक को अंधेरे में भगाने लगा। पुलिस ने पीछा करके ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली तो उसमें डोडा-पोस्त भरा हुआ मिला। इसका वजन करने पर 2801.05 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने जब पूछताछ की तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। पुलिस ने आरोपी दिनेश विश्नोई निवासी बिरामी थाना डांगियावास जोधपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम प्रभारी लाखाराम, एएसआई अमानाराम, चिमनाराम, प्रदीपकुमार, झूमरराम, मोहनराम, मदनमीणा, भवानी चौधरी, थानाधिकारी जमील खा, अशोक, रामचन्द्र, संजयसिंह आदि की अहम भूमिका रही।

## गुजरात ले जाई जा रही अवैध शराब बरामद

**बेधड़क** | सिरोही



जिले के मंडार थाना पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के टोल नाके के समीप अवैध शराब ले जाते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस ने ट्रक से पंजाब निर्मित शराब के 192 कार्टन बरामद किए हैं। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पूछताछ में नशे के बड़े नेटवर्क के खुलने की संभावना है।

मंडार थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि सिरोही एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जिले से लगती गुजरात सीमा पर कड़ी चौकसी की जा रही थी। इस दौरान शनिवार को मंडार थाने के सामने की जा रही नाकाबंदी के दौरान रेवदर की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक को रुकवाया। पुलिस ने जब पूछताछ की तो आरोपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

पूछताछ में चालक ने ट्रक में ट्रांसपोर्ट का सामना होना बताया, जिसे वह गुजरात लेकर जा रहा है। संदेह होने पर पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली।

पुलिस को तलाशी के दौरान ट्रक में त्रिपाल से ढके हुए पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 192 कार्टन मिले। पुलिस ने इस मामले में वाहन चालक जाटों का बेड़ा थाना बाखासर जिला बाड़मेर निवासी प्रकाश सिंह (27) पुत्र रतन लाल गोदारा जाट को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी ड्राइवर से अवैध अंग्रेजी शराब को कहां से लाया और गुजरात में कहां ले जा रहा था इसको लेकर पूछताछ कर रही है।

---

**पुलिस ने पीछा कर चालक को पकड़ा**

## ट्रेलर ने बाइक सवार दो युवकों को कुचला, मौके पर तोड़ा दम



**बेधड़क** | सिरोही

जिले के रेवदर थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। तेज रफ्तार ट्रेलर ने एक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद भी ट्रेलर चालक बाइक को 100 मीटर तक घसीटते हुए ले गया।

हादसे में बाइक सवार 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक को टक्कर मारने के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। वहीं मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

पुलिस ने 2 किमी तक पीछा कर ट्रेलर को रुकवाया और आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिए। रेवदर थानाधिकारी कपूरा राम चौधरी ने बताया कि शुक्रवार रात को सकरावेरी अमीरगढ़ (गुजरात) निवासी लाला (27) पुत्र रणसा भाई गरासिया और भरत (23) पुत्र देवाराम गरासिया बाइक पर रेवदर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर ने बाइक को टक्कर मार दी।

पुलिस ने शवों को रेवदर के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और उनके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर पहचान कर परिजनों को सूचना दी। शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। वहीं परिजनों की रिपोर्ट पर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

---

**चोरी के आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत का मामला**

## थानाधिकारियों पर कार्रवाई का विरोध

**बेधड़क** | नागौर

जिले में चोरी के आरोपी की पुलिस हिरासत में मौत के बाद जिले के दो थानाधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने का अब विरोध शुरू हो गया है।



शनिवार को थानाधिकारियों के समर्थन में मेड़ता बाजार बंद रखा गया। साथ ही मेड़ता के सर्वसमाज ने बीकानेर में मेड़ता विधायक इंदिरा बावरी पर आरोपी का साथ देने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। मेड़ता प्रधान संदीप चौधरी ने बताया कि बाइक चोरी के आरोपी को बीकानेर से मेड़ता सिटी पुलिस थाने के एक हेड कांस्टेबल और एक कांस्टेबल दस्तयाब कर बस से ला रहे थे।

इस दौरान मूंडवा के पास आरोपी राजूराम चलती बस से कूद गया और बीकानेर में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, इसमें पुलिस को दोष देना गलत है। गौरतलब है कि इस मामले को लेकर मेड़ता विधायक इंदिरा बावरी, भोपालगढ़ विधायक पुखराज गर्ग सहित आरएलपी नेताओं ने बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में धरना दिया और शव लेने से मना कर दिया। इसके बाद प्रशासन के साथ वार्ता हुई, जिसमें मेड़ता थानाधिकारी भजनलाल, मूंडवा थानाधिकारी रोशनलाल सहित 4 के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाने की बात पर सहमति बनी।

इसको लेकर मेड़ता के लोग विरोध में उतार आए हैं। शनिवार को स्थानीय व्यापारियों ने बाजार की दुकानें बद रखकर विरोध जताया। वहीं, कांग्रेस नेता माणक सेन का आरोप है कि मेड़ता विधायक ने चोरी के आरोपी का साथ दिया है, जो सरासर गलत है।


---

**खजूर खाने गए थे बस्ती के कुछ बच्चे, तभी हुआ हादसा**

## कुएं में गिरने से 2 बच्चों की मौत

**बेधड़क** | भीलवाड़ा

बिजोलिया कस्बे के भीलपुरिया बस्ती में एनीकट के पास कुएं में गिरने से शनिवार को दो बच्चों की मौत हो गई। थाना अधिकारी उगमाराम बेनीवाल ने बताया कि कस्बे के भीलपुरिया बस्ती के नजदीक स्थित एनीकट के पास बने सरकारी कुएं में दोपहर में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई।



बच्चों के डूबने की जानकारी उनके बुआ के बेटे राकेश को बच्चों के साथ खजूर खाने गए एक बच्चे ने दी। जब मौके पर जाकर तलाश की गई तो दीपू (7) पुत्र सत्य नारायण भील एवं ललित (9) पुत्र पप्पू भील पानी में डूबे मिले। दोनों को निकालकर कस्बा स्थित सामुदायिक अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्चों के माता-पिता मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है और पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

वहीं मृतक के भाई राकेश ने बताया कि बस्ती के 6-7 बच्चे खजूर खाने गए थे। इस दौरान हादसा हो गया।

---

**बायतु विधायक ने दी विकास कार्यों की सौगात**

# बिना किसी भेदभाव क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत: चौधरी

**बेधड़क** | बाड़मेर

गिड़ा क्षेत्र के रतेऊ में शनिवार को महंगाई राहत शिविर के दौरान पूर्व मंत्री एवं बायतु विधायक हरीश चौधरी ने स्थानीय लोगों को अनेक विकास कार्यों की सौगात दी।

इस दौरान उन्होंने कहा कि वे बिना किसी भेदभाव के क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत हैं। विधायक ने लाइब्रेरी, कबूतरो के चबूतरे, राप्रावि कुकनो का तला में टीन शेड, सार्वजनिक शौचालय, सार्वजनिक टांका, राप्रावि के ट्यूबवेल पर टीन शेड, सार्वजनिक शौचालय, राउप्रा विद्यालय हेराजानियो की ढाणी के क्रमोन्नत होने पर लोकार्पण, सेमिनार हॉल का लोकार्पण किया। इस मौके पर आयोजित समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि बायतु विधायक हरीश चौधरी ने कहा कि सड़क, बिजली व पानी की समस्याओं को देखते हुए क्षेत्र में कई ट्यूबवेल व पाइप लाइन की स्वीकृतियों के बाद हर घर तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रगति पर है।

उन्होंने बताया कि अगर सबसे ज्यादा पानी की पाइप लाइन व सड़क स्वीकृत हुई हैं तो बायतु विधानसभा क्षेत्र में हुई हैं। इसी तरह बिजली से वंचित घरों में जल्द ही बिजली कनेक्शन के कार्य शुरू होंगे। विधायक चौधरी ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 70 साल से गिड़ा क्षेत्र में 23 सीनियर विद्यालय थे, जो कांग्रेस के पिछले चार साल के शासनकाल में बढ़ाकर 51 सीनियर विद्यालय हो गए हैं।

विधायक हरीश चौधरी ने खेल को बढ़ावा देने को लेकर कहा कि हाल ही में मध्यप्रदेश के देवास में खेली गई कुश्ती में रतेऊ के पहलवान रफीक ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं अब वह आगामी दिनों में कजाकिस्तान में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होंगे। इसके लिए विधायक ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि चार साल पहले रतेऊ में विधायक कोटे से कुश्ती मेट उपलब्ध करवाई गई, जिसकी बदौलत ही यह पहलवान आज रतेऊ का नाम रोशन कर रहा है।



### विकास को लेकर बनाई योजनाएं

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बाड़मेर जिला प्रमुख महेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों को ध्यान में रखते हुए जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, जो बहुत ही फायदेमंद साबित हो रही हैं। इस दौरान गिड़ा प्रधान जानकी चौधरी ने बताया कि गिड़ा समिति में सबसे ज्यादा कार्य रतेऊ ग्राम पंचायत में हुआ है। पिछले साल सघन वृक्षारोपण का कार्यक्रम रतेऊ में करवाया गया, जो आज गांव की शोभा बढ़ा रहा हैं। वही रतेऊ सरपंच भूराराम गोदारा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए विधायक के द्वारा करवाए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर बायतु के पूर्व बीसीसी के चेयरमैन डूंगर राम काकड़, पटाली नाडी के युवा नेता चुतरा राम भांभू, छगन बामणिया, रतेऊ जीएसएसएस अध्यक्ष जेठाराम सारण, नरपत सिंह गोदारा, मदरूपा राम कुकना, श्यामलाल राठी, खींपसर के पूर्व सरपंच जोगाराम जांदू सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## जरूरी खबर

### मंत्रालयिक कर्मी कल घेरेंगे CM आवास



**जयपुर।** राजस्थान राज्य मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ का महापड़ाव शुक्रवार को 62वें दिन जारी रहा। महापड़ाव के चलते कर्मचारी 69 दिन से सामूहिक अवकाश पर चल रहें हैं। कर्मचारी सरकार से कई बार वार्ता के बावजूद हल नहीं निकलने से नाराज हैं। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष राजसिंह चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार के पास दो दिन का समय है। प्रदेश महामंत्री विरेंद्र दाधीच ने कहा कि आदेश जारी नहीं किए गए तो कर्मचारी सीएम आवास घेरेंगे। सरकार कमेटियों के जरिए आंदोलनों को खत्म करना चाहती है। पहले खेमराज कमेटी की रिपोर्ट पेश होने के बाद भी 6 माह पूरे हो गए, लेकिन अभी तक भी रिपोर्ट लागू नहीं हुई।

### पेंटागन बार एंड किचन रेस्टोरेंट में हुई चोरी



**जयपुर।** जयपुर के वैशाली नगर थाना क्षेत्र स्थित पेंटागन बार एंड किचन रेस्टोरेंट में चोरी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक रेस्टोरेंट के ही एक कर्मचारी ने कैश काउंटर से 1,20,000 रुपए चुरा लिए। इस मामले में रेस्टोरेंट मैनेजमेंट की ओर से 31 मई को वैशाली नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी विकास चौधरी ने रेस्टोरेंट्स की लाइट और सीसीटीवी कैमरे बंद कर घटना को अंजाम दिया था। इस इस मामले में वैशाली नगर थाना अधिकारी आरोपियों के खिलाफ गहनता से जांच कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले का खुलासा करके अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद से आरोपी विकास चौधरी गायब है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई:** चांदपोल इलाके में पकड़ी 'देसी जहर' की फैक्ट्री, 3 हजार लीटर नकली घी जब्त

# ऐसी नकल कि फूड इंस्पेक्टर भी नहीं पहचान पाए असली-नकली

**बेधड़क** | जयपुर

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चांदपोल में नकली घी की फैक्ट्री पकड़ी। सीएमएचओ प्रथम की टीम ने जयपुर कमिश्नरेट के नॉर्थ जिला पुलिस के इनपुट की मदद से चांदपोल गेट के पास एक फैक्ट्री में छापा मारा, जहां वनस्पति घी, तेल मिलाकर कृष्णा, सरस, गोपी, महान कंपनियों के ब्रांड का घी बनाया जा रहा था।

फूड इंस्पेक्टर रतन गोदारा, नरेश चेजारा, नरेंद्र शर्मा, डॉ.राजेश कुमार शर्मा, पवन गुप्ता की टीम ने कार्रवाई के दौरान 3000 लीटर नकली घी और 2000 लीटर तेल (रिफाइंड और पॉम ऑयल) जब्त किया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम के दल द्वारा एवं पुलिस थाना संजय सर्किल के सहयोग से यह संयुक्त कार्रवाई की गई।

सीएमएचओ प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि चांदपोल बाजार, शामगढ़ हाउस में स्थित एक फर्म पर कार्रवाई की गई। इस दौरान टीम को पता लगा कि भीम, कृष्णा, सरस, महान एवं अन्य कई ब्रांडों की कॉपी तैयार कर बेचे जाने की तैयारी थी। टीम द्वारा फर्म के प्रोपराइटर संजय शर्मा के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए मौके पर रखे 3000 लीटर घी और लगभग 2000 लीटर तेल एवं वनस्पति जब्त किए। इसके साथ ही हजारों की मात्रा में रखे रैपर, पैकिंग सामग्री मशीनें, भट्टी, गैस सिलेंडर आदि को जब्त करते हुए संजय शर्मा सहित माल को पुलिस के सुपुर्द किया गया। कार्रवाई के दौरान जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड, जयपुर के प्रतिनिधि एवं भोले बाबा मिल्क फूड के प्रतिनिधि को मौके पर बुलाकर उक्त माल की डुप्लीकेट होने की तस्दीक की गई।



### कैटरिंग की आड़ में चला रहा था 'जहर की फैक्ट्री'

जयपुर में पकड़ी गई जहर की फैक्ट्री को संजय शर्मा चला रहा था। वह यह काम कैटरिंग की आड़ में कर रहा था। यह पाम ऑयल और रिफाइंड मिलाकार नकली घी बना रहा था। इसके अलावा अन्य केमिकल मिलाकर घी तैयार किया जा रहा था, जो कम रेट पर बाजार में बेचा जाता है। यह रिफाइंड सोयाबीन ऑयल और वनस्पति घी को गरम करके उसमें एसेंस मिलाकर घी जैसा कर देता था। इसके बाद असली घी की कॉपी ऐसी तैयार करता था कि फूड इंस्पेक्टर भी असली-नकली की पहचान नहीं कर सके। पूछताछ में सामने आया है कि दिल्ली पैकिंग का यह नकली माल दिल्ली से आता था। फैक्ट्री के संचालक संजय शर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच की जा रही है।

**भाजपा के कोठारी को पास बैठाकर खाचरियावास ने की प्रेसवार्ता**

# नहीं होंगे जयपुर के दो टुकड़े

**म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर अभियान को मिली सफलता, पैदल मार्च निरस्त कर धर्म सभा में जताई खुशी**

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर शहर को उत्तर और दक्षिण जयपुर में विभाजित करने को लेकर चल रहे विवाद पर शनिवार को मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने विराम लगा दिया। खाचरियावास ने भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील कोठारी को पास बैठाकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि जयपुर दो जिलों में नहीं बंटेगा। इस दौरान जयपुर को दो भागों में बांटने का विरोध कर रहे सर्वसमाज के लोग भी मौजूद रहे। प्रतापसिंह ने कहा कि जयपुर शहर पहले की तरह ही अविभाजित रहेगा और इसको दो हिस्सों में नहीं तोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल में नए जिलों को लेकर कई विशेषाधिकारी लगाए गए हैं, लेकिन जयपुर जिले में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोई विशेषाधिकारी नहीं लगाया है। ऐसे में अब जयपुर नगर निगम हेरिटेज और नगर निगम ग्रेटर दोनों जयपुर का ही हिस्सा रहेंगे।

हेरिटेज और ग्रेटर के सभी 250 वार्ड जयपुर में ही रहेंगे। जयपुर शहर और जयपुर जिला पहले की तरह ही रहेगा। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि बीजेपी के कुछ लोग अपने राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करने के लिए अफवाह फैला रहे हैं और फिजूल का माहौल तैयार कर रहे हैं।



फोटो: राजेश कुमावत

### खुशहाली की कामना

कोठारी ने कहा कि एक जयपुर को लेकर शनिवार को प्रस्तावित पैदल मार्च से पूर्व सरकार ने सकारात्मक रुख दिखाया और मंत्री खाचरियावास ने अभियान से जुड़े लोगों को वार्ता के लिए बुलाकर हमारी मांग मानी। इसके बाद पैदल मार्च निरस्त कर दिया गया और रामनिवास बाग में एक सर्व धर्म सभा रखी गई, जहां अभियान से जुड़े लोग और सैकड़ों जयपुर वासियों ने हिस्सा लिया। इसमें सभी धर्मों के संत महात्मा , पादरी , मौलवी , ग्रंथि उपस्थित हुए और सरकार के इस निर्णय पर खुशी जताई और जयपुर की खुशहाली की प्रार्थना की।

### अफसरों का था निर्णय

मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि जयपुर शहर के दो टुकड़े करने का निर्णय अधिकारियों का था। उन्होंने बिना कैबिनेट में चर्चा किए जयपुर के दो टुकड़े करने का निर्णय लिया। मंत्री प्रताप सिंह ने कहा कि जयपुर एक रहेगा और इस मामले में मेरी सब विधायकों से बात हुई। चाहे भाजपा के विधायक हो या कांग्रेस के विधायक हो, सब यही सोचते हैं कि जयपुर की आन-बान-शान के लिए हम हमेशा एक रहेंगे। खाचरियावास ने सरकार की तरफ से एक जयपुर होने की घोषणा की।




### जयपुर एक है और रहेगा

भाजपा के पूर्व जयपुर जिला अध्यक्ष सुनील कोठारी ने मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आंदोलन को ताकत दी कि जयपुर एक है और एक ही रहेगा। इसके लिए हम सभी पार्टी के नेता एक हैं। गौरतलब है कि जयपुर को दो भागों में बांटने की घोषणा पर सरकार के इस निर्णय से असहमत होकर जयपुर के सर्व सवाज द्वारा जयपुर शहर को एक जिला बनाए रखने के लिए 'म्हारो जयपुर - प्यारो जयपुर' अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार से आग्रह करते रहे कि जयपुर शहर की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत को ना बांटा जाए।

**UDH सलाहकार व JDC ने किया दौरा**

# 'ट्रैफिक में करें सुधार और समय सीमा के अंदर पूरे हों प्रोजेक्ट्स'



**बेधड़क** | जयपुर

यूडीएच सलाहकार जीएस संधु और जयपुर विकास आयुक्त डॉ. जोगा राम ने जवाहर सर्किल, बी-2 बाईपास जंक्शन टोंक रोड पर यातायात सुधारीकरण के निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स, बी-2 बाईपास, जगतपुरा रोड व सीबीआई फाटक रोड का दौरा किया।

यूडीएच सलाहकर और जेडीसी ने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट्स की प्रगति की जानकारी लेते हुए प्रोजेक्ट्स में आ रही बाधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को ट्रैफिक में सुधार करने एवं कार्य तीव्र गति से करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही जेडीसी ने प्रोजेक्ट्स को समय सीमा में शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जेडीसी ने बी-2 बाईपास का दौरा करते हुए जंक्शन पर सड़क को चौड़ा करने, न्यू सांगानेर रोड से बी-2 बाईपास जंक्शन तक और शहर की सभी ट्रैफिक लाइट्स में सुधार करने के निर्देश दिए।

जेडीसी डॉ. जोगा राम ने जगतपुरा आरओबी से सीबीआई फाटक जा रही सड़क का दौरा किया। उन्होंने इस सड़क को 200 फीट चौड़ाई के अनुसार चौड़ा कर समरूप करने के निर्देश दिए। यूडीएच सलाहकार एवं जेडीसी ने जोन-10 में हेरिटेज सिटी का दौरा करते हुए चौपड़ एवं गेट निर्माण का कार्य आगामी दो माह में शुरू करने के निर्देश दिए।

**4 वर्षों में मिले 21 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार**

# RHB के 4 प्रोजेक्ट्स को EIE अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान हाउसिंग बोर्ड को शनिवार को 4 राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड मिले। शहरी विकास मंत्रालय की इकाई आईबीसी (इंडियन बिल्डिंग्स कांग्रेस) ने मंडल के 4 प्रोजेक्ट्स को एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट के लिए सम्मानित किया।




दिल्ली के एपी शिंदे सिंपोजियम में आयोजित समारोह में मंडल की ओर से मुख्य अभियंता प्रथम केसी मीणा, उप आवासन आयुक्त (मुख्यालय) विजय अग्रवाल, उप आवासन आयुक्त (सिटी पार्क) केके दीक्षित, उप आवासन आयुक्त एच आर दुपका, आवासीय अभियंता जीपी अग्रवाल और रोहित सिंह ने सम्मान ग्रहण किया। शहरी विकास मंत्रालय हर साल विभिन्न श्रेणियों के भवनों में 'निर्मित पर्यावरण में उत्कृष्टता' (एक्सीलेंस इन बिल्ट एनवायरनमेंट) के लि, आईबीसी अवॉर्ड प्रदान करता है। सिटी पार्क, कोचिंग हब, चौपाटी और शिक्षक प्रहरी आवास योजना इससे पूर्व भी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खासे चर्चित रहे हैं। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि सम्मान अकेले अधिकारी का नहीं, बल्कि पूरी टीम का होता है।

**किसान महोत्सव 16 से:** जुटेंगे 50 हजार कृषक

# सीखेंगे नई तकनीक और आय बढ़ाने के फॉर्मूले

**बेधड़क** | जयपुर

कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को नवीनतम तकनीकों से रूबरू करवाने के लिए सरकार प्रदेश स्तरीय और संभाग स्तरीय कृषक मेले का आयोजन करेगी। कृषि, प्रौद्योगिकी और व्यापार के क्षेत्र में लोगों को एक मंच पर लाने और कृषि क्षेत्रों में समावेशित विकास सुनिश्चित करने के लिए किसान मेलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने बताया कि 16-18 जून को जेईसीसी सीतापुरा में 'राजस्थान किसान महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 23-24 जून को उदयपुर और 30 जून-01 जुलाई को जोधपुर में संभाग स्तरीय किसान मेलों का आयोजन किया जा रहा है। राज्य स्तरीय किसान मेले में 50 हजार और संभाग स्तरीय मेले में 20-20 हजार किसान हिस्सा लेंगे।



### युवाओं को मिलेगा स्टार्टअप्स में मौका

कटारिया ने कहा कि किसान महोत्सव में स्मार्ट फार्म, कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन व कृषि विपणन की विश्वस्तरीय तकनीकों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही कृषि उत्पाद, औजार, बीज आदि की वृहद प्रदर्शनी लगायी जाएगी। अत्याधुनिक कृषि मशीनरी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मेले में किसानों के लिए जाजम चौपाल भी रखी गई है, जिसमें किसान विषय विशेषज्ञों से संवाद कर सकेंगे।

### कृषक गोष्ठियां भी होंगी

कार्यक्रम में किसानों के लिए विषयवार सेमिनार और कृषक गोष्ठियों का कार्यक्रम भी रखा गया है। कटारिया ने बताया कि मेले में युवाओं को एंटरप्रेन्योर बनाने के लिए कृषि स्टार्ट-अप्स से मुलाकात करवाई जाएगी। इससे युवा कृषि के क्षेत्र में उद्यमी बन कर नए रोजगारों का सृजन कर सकेंगे। मेले में मनोरंजन का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**अन्य माध्यमों में कंफर्ट नहीं उपभोक्ता**

# कई ऑप्शन, फिर भी फोन कॉल पर ही करते हैं बिजली की शिकायत

**बेधड़क** | जयपुर

ग्यारह ऑप्शन होने के बाद भी 70 प्रतिशत उपभोक्ता बिजली संबंधी शिकायत दर्ज करवाने के लिए कॉल सेंटर फोन कॉल को ही प्राथमिकता देते हैं। यह खुलासा विभिन्न माध्यमों पर दर्ज शिकायतों का विश्लेषण करने पर सामने आया है। इस दौरान पाया गया कि अन्य माध्यमों का उपयोग बहुत ही कम मात्रा में 30 प्रतिशत किया गया है। गौरतलब है कि जयपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक आरएन कुमावत ने कॉल सेन्टर का निरीक्षण किया था और डिस्कॉम अधिकारियों से कॉल सेंटर पर विभिन्न माध्यमों से दर्ज उपभोक्ता शिकायतों और उनके समाधान की स्थिति की जानकारी प्राप्त ली थी।




### एक साथ 300 कॉल होते हैं अटेंड

जयपुर डिस्कॉम द्वारा समस्या निवारण के लिए बनाए कॉल सेंटर पर कॉल अटेंड करने के लिए 10 इनबाउंड और 6 आउटबाउंड पीआरआई लाइनें उपलब्ध हैं। इन पीआरआई लाइन में सभी लाइनो में 30 चैनल हैं। कॉल सेंटर पर एक समय में 300 कॉल प्राप्त की जा सकती है। एक समय पर अधिक कॉल पर कॉल सेंटर पर कार्यरत इनबाउंड एजेंटों की संख्या के अनुसार कॉल अटेंड की जाती हैं। शेष कॉल कतार में रहती है और जैसे ही रनिंग कॉल पूरी हो जाती है, कतार में मौजूद कॉल को अटेंड कर लिया जाता है।

### जयपुर में खुला है केन्द्रीकृत कस्टमर रिलेशनशिप सेंटर

जयपुर डिस्कॉम की ओर से विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति में व्यवधान सहित अन्य बिजली शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए जयपुर में केन्द्रीकृत कस्टमर रिलेशनशिप सेंटर खोला गया है, जिसमें उपभोक्ता कॉल सेन्टर पर चौबीस घण्टे ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा सकता है। कॉल सेंटर पर शिकायतों के निवारण के लिए मार्च से अक्टूबर तक 375 कॉल सेंटर पर एजेंट 3 शिफ्टों में कार्य करते हैं। इनमें से प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक 150, सायं 4 से मध्य रात्रि 12 बजे तक 150 व मध्य रात्रि 12 से प्रातः 8 बजे तक 75 एजेंट उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड करते हैं। नवंबर से फरवरी तक 250 कॉल सेंटर एजेंट काम करते हैं, जिनमें से प्रातः 8 बजे से सायं 4 बजे तक 100, सायं 4 बजे से मध्य रात्रि 12 बजे तक 100 मध्यरात्रि 12 बजे से प्रातः 8 बजे तक 50 एजेन्ट उपभोक्ताओं की कॉल अटेंड करते हैं।

### किस माध्यम से कितनी शिकायतें

| माध्यम | कालिंग प्रतिशत |
|---|---|
| टोल फ्री नम्बर 1800-180-6507 व आईवीआरएस 1912, टेलीफोन नम्बर 0141-2203000 के माध्यम से - | 68 प्रतिशत |
| बिजली मित्र ऐप से - | 07 प्रतिशत |
| वेब एप्लिकेशन www.bijlimitra.com - | 00 प्रतिशत |
| 57575 और 9414037085 पर एसएमएस के जरिए - | 03 प्रतिशत |
| 9414037085 पर व्हाट्सएप के माध्यम से - | 10 प्रतिशत |
| ई-मेल helpdesk@jvvni.org के माध्यम से - | 01 प्रतिशत |
| फेसबुक www.facebook.com/managingdirector.jvvnl. | 01 प्रतिशत |
| ट्विटर @jvvniccare - | 01 प्रतिशत |
| वेबपेज https://jvccc.ariatelecom.net/registercomplaint | 01 प्रतिशत |
| व्यक्तिगत रूप से - | 08 प्रतिशत |

सभी को विदित है कि फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को प्रदोष काल में होलिका दहन किया जाता है। आज हम आपको एक ऐसे ही मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके बारे में मान्यता है कि यहीं से होली मनाने की परंपरा की शुरुआत हुई थी। यह मंदिर पाकिस्तान स्थित पंजाब प्रांत के मुल्तान शहर में भगवान विष्णु के परम भक्त प्रहलाद का मंदिर कहलाता है। इस मंदिर का नाम प्रहलादपुरी मंदिर है। होली के समय यहां पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यहां दो दिन तक होलिका दहन उत्सव मनाया जाता है। कुछ इतिहासकारों का मत है कि प्रहलाद महाराज का जन्म त्रेता युग में पंजाब राज्य के मुल्तान शहर में हुआ था। मुल्तान वास्तव में संस्कृत के शब्द मूलस्थान का परिवर्तित रूप है। यह वो सामरिक स्थान है, जो दक्षिण एशिया और ईरान की सीमा के चलते सैन्य दृष्टि से संवेदनशील था। मुल्तान को पहले कश्यपपुर के नाम से जाना जाता था। अब इसे प्रहलाद के नाम पर प्रहलादपुरी मन्दिर कहते हैं। भक्त प्रहलाद का जन्म कश्यप वंश के राजा हिरण्यकश्यप से हुआ था। प्रहलाद भगवान विष्णु के बहुत बड़े भक्त थे, लेकिन उनके पिता भगवान विष्णु के कट्टर विरोधी थे। दरअसल, हिरण्यकश्यप को ब्रह्माजी से वरदान मिला था कि कोई भी उसे न धरती पर, न आसमान में, न भीतर और ना बाहर, न सुबह और ना रात में, न देवता, न कोई जानवर, न कोई असुर और ना ही कोई मनुष्य कभी मार सकेगा। इसी वरदान के चलते वह प्रहलाद जी को भगवान विष्णु की पूजा करने पर बहुत प्रताड़ित किया करता था। पिता और पुत्र की समझ और ज्ञान में अंतर था, राक्षस पिता ने प्रहलाद को सभी प्रकार की शारीरिक यातनाएं दीं। जब यह यातना असहनीय हो गई, तो परम भगवान विष्णु, नरसिंहदेव के रूप में प्रकट हुए और विकट राक्षस हिरण्यकश्यप का वध किया। - (श्री चैतन्य-चरितामृत, अंत्य 9.10)

शाश्वत सनातन



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## मान्यता है कि पाकिस्तान के मुल्तान से शुरू हुई थी होली मनाने की परंपरा

# मुल्तान में भक्त प्रहलाद का मंदिर




ये है मुल्तान का वो स्तंभ, जिससे भक्त प्रहलाद को बांधा गया था।

### ये है पौराणिक कथा

पौराणिक कथा के अनुसार होलिका प्रहलाद की बुआ थी। प्रहलाद के पिता दैत्यराज हिरण्यकश्यप भगवान विष्णु से नफरत करते थे, क्योंकि भगवान विष्णु ने वराह अवतार में उनके बड़े भाई हिरण्याक्ष का वध किया था, जबकि भक्त प्रहलाद श्रीहरि के भक्त थे। वे उनकी भक्ति में ही लीन रहते थे। प्रहलाद के वध के लिए हिरण्यकश्यप ने बहुत प्रयास किए, लेकिन हर बार असफलता ही हाथ लगी। उसके बाद प्रहलाद को मारने के लिए उसने अपनी बहिन होलिका के साथ एक योजना बनाई। दरअसल, होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जल सकती, लेकिन जब होलिका प्रहलाद को लेकर आग में बैठी तो वह जल गई और प्रहलाद को भगवान विष्णु ने बचा लिया, जहां यह घटना घटी वह स्थान भी यही है। ऐसी मान्यता है कि प्रहलादपुरी का मंदिर भगवान नरसिंह के सम्मान में भक्त प्रहलाद महाराज द्वारा बनवाया गया था। यहां वो खंभा आज भी मौजूद है, जिससे भक्त प्रहलाद को बांधा गया था और जहां से साक्षात नरसिंह देवता प्रकट हुए थे। कुछ लोग इस खंभे को भक्त प्रहलाद के बंधे होने की मान्यता को मानते हैं जबकि कुछ ये मानते हैं कि इसी से नरसिंह देवता प्रकट हुए थे।



ये वो नरसिंह भगवान की मूर्ति है, जो मुल्तान से लाई गई और अब हरिद्वार में है।



### मूल विग्रह अब हरिद्वार में

भारत के विभाजन के बाद कई हिंदू पलायन कर गए और मंदिर के मामलों का शहर के अल्पसंख्यक हिंदुओं द्वारा प्रबंध किया गया। भगवान नरसिंह के मूल देवता विग्रह को 1947 में विभाजन के समय मुल्तान से बाबा नारायण दास बत्रा द्वारा भारत लाया गया था। देवता अब हरिद्वार (नरसिम्हाधाम रोड) में हैं।

### भगवान नरसिंह की मूर्ति विराजमान

मंदिर को खंडित कर दिया गया, लेकिन भगवान नरसिंह की मूर्ति और खंभा आज भी मौजूद है। ऐसा कहा जाता है कि इसी खंभे से भक्त प्रहलाद को बांधा गया था, हालांकि अब मंदिर परिसर पर स्थानीय लोगों का कब्जा हो गया है। कई बार पाकिस्तान सरकार की ओर से इस मंदिर का जीर्णोद्धार करने की बात तो कही गई, पाकिस्तान की सर्वोच्च कोर्ट की फटकार के बाद इसके पुनर्निर्माण के लिए 50 लाख रुपए भी स्वीकृत किये गए हैं।

### सिख शासकों ने करवाया मंदिर का पुनर्निर्माण

जब मुल्तान पर मुसलमानों की हुकूमत शुरू हुई तो वहां के मशहूर सूर्य मंदिर और प्रहलाद मंदिर को तोड़कर नष्ट कर दिया गया। रिकॉर्ड के अनुसार 1810 में जब मुल्तान पर सिख शासकों का राज आया तो मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया। मंदिर मुल्तान किले के अंदर एक ऊंचे मंच पर बनाया गया था, जो हजरत बहाउल हक जकारिया के मकबरे से सटा हुआ था और 1992 से पहले मुल्तान का एक प्रमुख स्थल था। इसमें एक मुख्य हॉल, परिधि, रोशनदान और एक बड़ा मंडप था। केंद्रीय हॉल में बाल्डाचिन (बगदाद से एक शानदार प्रकार का कपड़ा) के नीचे देवता की प्रतिकृति थी। मंदिर से सटा धर्मशाला परिसर था। हालांकि, परंपराओं का दावा है कि मूल मंदिर एक स्तम्भाकार संरचना थी। इसकी छत और इसे सहारा देने वाले स्तम्भ दोनों ही शुद्ध सोने से बने थे। कहा जाता है कि किसी अज्ञात कारण से यह पूरी इमारत जमीन में धंस गई और इसके ऊपर एक नया मंदिर बनाया गया।

### 1992 में भीड़ ने कर दिया था नष्ट

1992 में भारत में बाबरी मस्जिद विध्वंस की खबर के प्रतिशोध में भीड़ द्वारा मंदिर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया था। अल्पसंख्यक संगठनों द्वारा कई शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किए गए और उन्होंने पाकिस्तान सरकार से महत्व के इस प्राचीन मंदिर को बहाल करने का अनुरोध किया







## कविता

### ...रामजी सावण बरसियो





गजानंद शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार, जयपुर

1

थाने राज थरपिया, ऊंचो आसण देय
गाड़ी-घोड़ा सूंपियां, ठंडो पायो पेय
ठंडो पायो पेय, मनवरां मोती जड्यां
पद रो बढ्यो गुमान, लोभ मं आंधा हुग्या
खेत खायगी बाड़ कायदो कुणै में नाचे
ईडी खोली आंख करमां रा लेखा बांचे।

2

वादां तोड़्यां बात घटै, हुवै सांच री हाण
मोबाइल देस्यां लाडेसर, छोड़ां कसर न काण
छोड़ां कसर न काण, हिये म्है हूक जगै है
सौ कर द्यूं थारे नाम, वोटां रो बाग लगै है
तूं राखी म्हारी बात, बात सूं लाज बचै है
हुवै थारो-म्हारो साथ, सिंघासण खूब सजै है।

3

काळी काळी बादळी बरसी मरुधर देस
कठै छांटा छिड़कलो, कठै ई मूसलाधार
कठै ई मूसलाधार, सागे आंधी रो रळको
आभै चढ्यो गुबार, पड्यो बिजळी को पळको
हुई घणी ई हाण, कोई ना हाथ पकड़ियो
म्हानै थारी उडीक, रामजी सावण
बरसियो।

शब्दों की सीख

# शेफाली का वो इंटरनेशनल अवॉर्ड



वीरेश दत्त माथुर
जयपुर

सर्द हवा के साथ सड़क पर गिरती बारिश की बूंदों के बीच सरपट दौड़ती लग्जरी कार में सवार होकर श्रीमती शेफाली लंदन के इंटरनेशनल एयरपोर्ट में प्रवेश करती है तथा लॉबी में एक सीट पर बैठती है। कुछ समय बाद शेफाली की निगाह पास बैठी एक संभ्रान्त महिला पर पड़ती है, जो मोबाइल पर बातचीत कर रही है। वह महिला मोबाइल पर विभिन्न पर्सनल जानकारियां कॉल करने वाले शख्स को दे रही होती है। शेफाली महिला के चेहरे से भांप जाती है कि महिला जिस शख्स से मोबाइल पर बात कर रही है, वह अनजान है तथा जो जानकारी उससे मांगी जा रही है, वो देने में महिला स्वयं को असहज महसूस कर रही है। तुरंत शेफाली महिला को फोन कॉल रोकने का इशारा करती है। शेफाली का सौम्य चेहरा देखकर महिला मोबाइल कॉल को बंद कर देती है। बातचीत में शेफाली महिला से कॉल करने वाले शख्स के बारे में जानकारी लेती है। महिला कहती है कि कॉल करने वाला अपने आप को मेरे बैंक का मैनेजर बता रहा था तथा मेरे बैंक अकाउंट के बारे में जानकारी अपडेट करना चाहता था। शेफाली महिला को कहती है मैडम यह कॉल फ्रॉड था। यदि आप उस शख्स को अपना ओटीपी नम्बर दे देती तो मिनटों में आपके खाते से लाखों रुपए की लूट हो चुकी होती। शेफाली महिला को कहती है, दुनिया भर में ऑनलाइन फ्रॉड या साइबर क्राइम तेजी से बढ़ता जा रहा है। बहुत से लोग ऑनलाइन बैंकिंग से अनजान लोगों को विभिन्न ऑनलाइन स्कीमों, ऑफरों, एप के जाल में फंसाकर ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। दुनिया में लाखों लोग रोज साइबर क्राइम के शिकार हो रहे हैं। अपनी मेहनत से कमाई गई दौलत गंवा रहे हैं।

शेफाली की बात सुनकर महिला सन्न रह जाती है। वो शेफाली को बार-बार धन्यवाद देती है कि उसकी जागरूकता से उसके लाखों रुपए ऑनलाइन लुटने से बच गए। वो शेफाली से कहती है बेटी तुम्हारा ये अहसान में जिंदगी भर नहीं भुलूंगी। बातचीत के दौरान शेफाली संभ्रान्त महिला से उसके बारे में पूछती है तो महिला कहती है मेरा नाम लिनिया है। मैं न्यूयॉर्क में सोशल कॉज के लिए काम करने वाले बड़े संगठन में सीईओ के पद पर हूं। फिर शेफाली लिनिया से उसका फोन नम्बर ले लेती है तथा अपना नम्बर उसे दे देती है।

कुछ देर बाद शेफाली लंदन के इंटरनेशनल एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए हवाई जहाज में बैठ जाती है। शेफाली लंदन में इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के बैनर तले साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए आयोजित ग्लोबल कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने भारत से गई थी।
लंदन में हवाई जहाज में बैठने के बाद शेफाली साइबर क्राइम की रोकथाम के बारे में इंटरनेशनल राइटर की लिखी बुक पढ़ने लगती है। किताब पढ़ते-पढ़ते शेफाली को नींद आ जाती है और वो अतीत की दुनिया में गोते लगाने लगती है। शेफाली को सपनों में याद आता है कि कॉलेज के समय वो कम्प्यूटर, इंटरनेट और मोबाइल के प्रति कितनी आकर्षित थी। शेफाली सपनों में इंटरनेट, मोबाइल, कम्प्यूटर के अतीत के सफर से वर्तमान के साइबर क्राइम के परिदृश्यों के बारे में सोच रही थी। एक अनाउंसमेंट से शेफाली की नींद खुलती है। हवाई जहाज में अनाउंसमेंट होता है कि हम भारत के नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंच रहे हैं। कृपया अपनी सीट बेल्ट बांध लीजिए। शेफाली आंख खोलती है और सीट बेल्ट बांधती है। कुछ समय बाद एयरपोर्ट के बाहर आकर शेफाली घर के लिए रवाना हो जाती है। अगले दिन शेफाली नई दिल्ली में अपनी पांच सहेलियों को एक जगह बुलाती है तथा उनसे साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए जन चेतना जगाने वाले प्रोजेक्ट के बारे मीटिंग करती है। इसके बाद शेफाली की सहेली शिरा बोलती है कि शेफाली इंडिया में ही नहीं पूरे वर्ल्ड में आज साइबर क्राइम बढ़ता जा रहा है। वह कहती है आज ऑनलाइन फ्रॉड कई तरह से हो रहा है। बहुत जगह बैंक खाते की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर कस्टमर से ओटीपी मांगकर उसके बैंक खातों में सेंध लगाकर पैसा लूटा जा रहा है। बैंक के एटीएम कार्ड, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड का क्लोन बनाकर कस्टमर से ठगी की जा रही है। अब तो यदि सार्वजनिक स्थान पर मोबाइल चार्ज पर लगाया है तो उस चार्जर पॉइंट की केबल से मोबाइल का सारा डाटा चोरी कर व्यक्ति के बैंक से पैसे निकाले जा रहे हैं।

यह बातचीत सुनकर शेफाली की एक अन्य सहेली अमारा बोलती है, आज बाजार में तरह-तरह के एप इंस्टॉल करने के ऑफर देकर व्यक्ति के मोबाइल से डाटा चोरी कर कई तरह के फ्रॉड किए जाने लगे है। इस दौरान शेफाली की सबसे खास सहेली जोसेफिन कहती है कि आज साइबर क्राइम के कई नए रूप सामने आ रहे हैं। कुछ स्थानों पर संगठित लोग कॉल सेन्टर के माध्यम से व्यक्ति के मोबाइल डाटा में सेंधमारी कर रहे हैं। कई पढ़े लिखे बेरोजगार विभिन्न एप और स्कीमों के जरिए लोगों को फंसाकर उनके बैंक से पैसे लूट रहे है। अज्ञानता और लालच में पड़ने के कारण आज मोबाइल कस्टमर ऑनलाइन ठगी का शिकार तेजी से हो रहा है। चर्चा के दौरान शेफाली की एक सहेली अपोलोनिया कहती है कि आज हम सब को मिलकर साइबर क्राइम के बारे में जनता को जागरूक करने की जरूरत है। हमें इसको लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट बनाना चाहिए। इस पर सभी सहेलियां हां भरती हैं। फिर यह मीटिंग सम्पन्न हो जाती है। इसके बाद शेफाली साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए आम जनता की अवेयरनेस के लिए एक प्रोजेक्ट बनाती है, फिर फंडिंग एजेन्सी के समक्ष उसका प्रस्तुतीकरण कर प्रोजेक्ट शुरू करती है। निश्चित समय बाद भारत में शेफाली धमाकेदार तरीके से सोशल मीडिया पर साइबर क्राइम की रोकथाम से जुड़े कैम्पेन को लॉन्च करती है।

साइबर क्राइम की रोकथाम से जुड़े अनेक क्रिएटिव सीरियल, सॉन्ग, जिंगल, प्रोमो, एडवरटाइजमेन्ट के द्वारा शेफाली भारत में जन-जन को साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए जाग्रत करती है। कुछ समय बाद न्यूयॉर्क में सोशल कॉज के लिए काम करने वाले बड़े संगठन की सीईओ लिनिया भारत आती है। वह भारत में चल रहे साइबर क्राइम की रोकथाम से जुड़े क्रिएटिव सोशल मीडिया कैम्पेन को देखकर प्रभावित होती है। फिर वह बिना बताएं सोशल मीडिया कैम्पेन संचालक शेफाली के नई दिल्ली मुख्यालय चली जाती है। वहां जब वो शेफाली को देखती है तो उसकी आंखों में सालों पुराना लंदन के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का वो दृश्य जीवंत हो जाता है, जिसमें शेफाली ने उसे साइबर फ्रॉड से बचाया था। इसके बाद शेफाली और लिनिया दोनों गले मिलती हैं और एक दूसरे की कुशलक्षेम जानते हैं। कुछ समय बाद मुम्बई के प्रेस क्लब में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होती है। प्रेस को संबोधित करती हुई न्यूयॉर्क के बड़े संगठन की सीईओ लिनिया घोषणा करती है कि हमारा संगठन इस बार इनोवेटिव काम के लिए वर्ल्ड का पहला इंटरनेशनल अवॉर्ड देने जा रहा है। इस बार यह अवॉर्ड साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए क्रिएटिव सोशल मीडिया कैम्पेन चलाने वाली भारत की शेफाली को दिया जा रहा है।

इस कैम्पेन के कारण देश में लाखों लोग ऑनलाइन फ्रॉड होने से बचे हैं। लाखों लोगों के करोड़ों रुपए ऑनलाइन ठगी होने से बच गए हैं। यह खबर जब शेफाली अपने घर पर के टीवी चैनल पर देखती है तो उछल पड़ती है। इसके बाद शेफाली के पति रूपेश को जब यह खबर मोबाइल पर मालूम होती है तो वह तुरंत शेफाली को बधाई देता है और मोबाइल पर कहता है, अब मेरी पत्नी श्रीमती शेफाली को वो इंटरनेशनल अवॉर्ड मिल गया है। शेफाली मुस्कुराकर धन्यवाद कहती है। इसके बाद शेफाली को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो जाता है।

### IIIM में 'लर्निंग लाइफ स्किल्स थ्रू थिएट्रिक्स' वर्कशॉप का आयोजन, एक्सपर्ट्स ने दी स्टूडेंट्स को ट्रेनिंग

# स्टूडेंट्स ने समझी ड्रामा तकनीकों से स्किल डवलपमेंट की कैमिस्ट्री

बेधड़क | जयपुर



किसी भी आर्ट का अंतिम उद्देश्य सिर्फ एंटरटेनमेंट ही नहीं होता, एंटरटेनमेंट से आगे जाकर आर्ट पढ़ाई जैसे गंभीर काम को आसान और हल्का भी बना सकती है।

मानसरोवर स्थित इन्टरनेशनल स्कूल ऑफ इन्फोर्मेटिक्स एण्ड मैनेजमेन्ट, टेक्निकल कैम्पस में स्टूडेंट्स ने शनिवार को थिएटर के माध्यम से अपनी स्टडी स्किल्स को निखारने के गुर सीखे। अवसर था संस्थान में 'वर्कशॉप ऑन लर्निंग लाइफ स्किल्स थ्रू थिएट्रिक्स' के आयोजन का। वर्कशॉप का मुख्य मकसद विद्यार्थियों को अनुभव, प्रैक्टिस, रिफ्लेक्शन और डिस्कशन के माध्यम से अध्ययन के गुर सिखाना था।

यशस्वी भवः ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट सॉल्यूशन के फाउण्डर डायरेक्टर संदीप मेंधानी ने स्टूडेंट्स को क्रिएटिव ड्रामा टेक्निक्स के माध्यम से रियल लाइफ एक्शंस और डिसीजन मेंकिग का अभ्यास कराया। विषय विशेषज्ञ मेंधानी ने बताया कि ड्रामैटिक प्ले एण्ड एक्टिंग लर्निंग की एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें विद्यार्थी व्यवहार के संयोजन, अनुभूति, सामाजिक आयाम, एकीकृत व सम्पूर्ण अस्तित्व के साथ सीखने का अनुभव प्राप्त करता है।

इसलिए ड्रामेटिक्स का उपयोग करके स्टूडेंट्स की लर्निंग स्किल्स को प्रभावी बनाया जा सकता है।

### प्रैक्टिकल्स में दिखा स्टूडेंट्स का उत्साह

वर्कशॉप में वॉयस मॉड्यूलेशन, रोल प्ले, एक्टिंग स्किल्स, पोस्चर ट्रेनिंग, ग्रुप प्रेजेंटेशन, फेस एक्सप्रेशन, परफोर्मेंस और इंडिविज्युअल प्रेजन्टेशन के माध्यम से कम्यूनिकेशन को प्रभावी बनाने के टिप्स दिए गए। स्टूडेंट्स में थ्योरिटिकल के बजाय प्रैक्टिकल लर्निंग के दौरान विशेष उत्साह देखने को मिला। इस इंटरेक्टिव वर्कशॉप में एक्सपर्ट्स ने स्टूडेंट्स के साथ थिएटर के अनुभव साझा किए। साथ ही लर्निंग स्किल्स निखारने, पर्सनलिटी डवलपमेंट व इफेक्टिव कम्युनिकेशन के टिप्स दिए।

## Yuva स्टोरीज



**रन फॉर लंग्स मैराथन 19 को |**
**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 19 जून को एनएसयूआई राजस्थान की ओर से 'रन फॉर लंग्स' मैराथन का आयोजन किया जाएगा। मैराथन के पोस्टर का विमोचन शनिवार को खेल मंत्री अशोक चांदना और एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौधरी ने किया। एनएसयूआई प्रदेश प्रवक्ता अमरदीप परिहार ने बताया कि मैराथन में एनएसयूआई कार्यकर्ता लंग्स की सुरक्षा के लिए धूम्रपान मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे।

**इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन शुरू |**
**जयपुर।** राज्य सरकार ने युवाओं को जनकल्याण के कार्यक्रमों और योजनाओं से जोड़ने के लिए व प्रचार प्रसार के लिए राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप प्रोग्राम में प्रवेश के लिए राज्य के युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए हैं। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार इंटर्नशिप में प्रवेश के लिए ऐसे युवाओं को अवसर दिया जाएगा जिन्हें समाज सेवा के कार्यक्रमों, किसी गैर सरकारी संस्था के साथ काम करने या राजस्थान के निवासियों के बीच जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं के लिए कार्य करने का अनुभव होगा। साथ ही स्काउटिंग, एनसीसी, एनएसएस आिद से जुड़े युवाओं को वरीयता दी जाएगी। इंटर्न्स को उनकी योग्यता व अनुभव के आधार पर आवश्यकतानुसार उनके आवेदित स्थान में कार्य करने के लिए इंटर्नशिप दी जाएगी। इन्टर्नशिप की शर्तें पूरी करते रहने पर उन्हें राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशिप प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 18 से 40 वर्ष के सीनियर सैकेंडरी पास युवा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ऑफिशियल वेबसाइट www.statistics.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है।




**विधायक ने किया कॉलेज भवन का शिलान्यास |**
आंधी तहसील के ग्राम फूटोलाव में शनिवार को राजकीय महाविधालय के भवन का शिलान्यास किया गया। इस अवसर आयोजित कार्यक्रम में जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीना ने शिलापट्टिका का अनावरण किया। इस दौरान विधायक मीना ने कहा कि अशोक गहलोत सरकार के नेतृत्व प्रदेश विकास के नित नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हुए हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ लेने की लोगों से अपील की। कार्यक्रम में प्रधान मानसी मीना, पंचायत समिति प्रत्याशी प्रभू देवी शर्मा, जिला परिषद सदस्य जगदीश शर्मा, फूटोलाव सरपंच धन्नी देवी मीणा आदि मौजूद रहे।



**नेवी अग्निवीर के लिए 15 जून तक करें आवेदन |**
**जयपुर।** इंडियन नेवी में अग्निवीर के 1365 पदों के लिए वैकेंसी निकाली गई है। इन पदों के लिए 15 जून तक आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक आवेदक नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट agniveernavy.cdac.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इन पदों में से 273 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। उम्मीदवारों का जन्म 1 नवंबर 2002 से 30 अप्रैल 2006 के बीच होना चाहिए। इन पदों के लिए फिजिक्स, कैमेस्ट्री व मैथ्स के साथ 12वीं पास होना आवश्यक है। इसके साथ ही केमिस्ट्री या बायोलॉजी या कंप्यूटर साइंस में से कोई एक सब्जेक्ट भी 12वीं में आवेदक के पास होना चाहिए। उम्मीदवारों को अविवाहित होना चाहिए। साथ ही भर्ती होने के बाद भी चार साल तक अविवाहित रहने का शपथ पत्र देना होगा। अग्निवीरों की भर्ती प्रक्रिया में सबसे पहले कंप्यूटर बेस्ड ऑनलाइन परीक्षा होगी। इसके बाद फिजिकल और मेडिकल टेस्ट होगा। भर्ती परीक्षा में सिलेक्ट होने पर उम्मीदवार को हर महीने 30,000 रुपए तक सैलरी दी जाएगी। आवेदन के लिए सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों को 1000 रुपए आवेदन शुल्क जमा करना होगा। अन्य उम्मीदवारों को 200 रुपए आवेदन शुल्क देना होगा।

### नेशनल स्कूल गेम्स: हमारे खिलाड़ियों की धूम

# प्रणय और सृष्टि ने चली चैस की 'सुनहरी चाल'

बेधड़क | जयपुर

नई दिल्ली में चल रहे 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों का जलवा शनिवार को भी बरकरार रहा। उदयपुर के प्रणय चोर्डिया व बीकानेर की युक्ति हर्ष ने शतरंज में व्यक्तिगत गोल्ड मेडल जीतकर प्रदेश को गौरवान्वित किया।

नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में खेले गए शतरंज के मुकाबलों में प्रणय व युक्ति की स्वर्णिम सफलता से राजस्थान के खिलाड़ियों के दल में खुशी की लहर दौड़ गई। खास बात ये रही कि स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले शतरंज के मुकाबलों में पहली बार शिरकत कर रही राजस्थान की टीम के ये दोनों खिलाड़ी छात्र व छात्रा वर्ग में अपने अपने बोर्ड पर अविजित रहे।

शिक्षा मंत्री डॉ. बी डी कल्ला, शिक्षा राज्यमंत्री जाहिदा खान, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव नवीन जैन, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक डॉ. मोहन लाल यादव और स्कूल शिक्षा निदेशक कानाराम ने प्रणय और युक्ति को प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीतने पर बधाई देते हुए भविष्य में ऐसी ही और सफलताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



### प्रणय ने जीती छह बाजियां

छात्र शतरंज टीम के कोच हर्षवर्द्धन हर्ष व मैनेजर किशन लाल व्यास ने बताया कि उदयपुर की द स्टडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बाड़ी के छात्र प्रणय चोर्डिया ने सभी छह मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक राजस्थान के नाम किया। प्रणय ने पहले राउण्ड में सीबीएसई वेलफेयर स्पोर्ट्स ऑर्गनाइजेशन के अनन्य, दूसरे में कर्नाटक के मनविथ, तीसरे में दादरा एवं नगर हवेली के आर्यन अरूण, चौथे में छत्तीसगढ़ के प्रसन्ना शुक्ला, 5वें में विद्या भारती के रिथुविक साई गणेश और अंतिम राउण्ड में कॉन्सिल फोर द इंडियन स्कूलम सर्टिफिकेट के मयूरेश को मात दी।



### 'चैस इन स्कूल' से निकले सितारे

राजस्थान में स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी विद्यालयों में 'नो बैग डे' और 'चैस इन स्कूल' एक्टिविटीज लागू की गई हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवम्बर, 2022 को प्रदेशभर में 'चैस इन स्कूल एक्टिविटी' के तहत सरकारी विद्यालयों के 38 लाख 21 हजार 9 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड्स में भी दर्ज किया गया। नेशनल स्कूल गेम्स में पहली बार भाग लेने गई प्रदेश की टीम के लिए प्रणय चोर्डिया और युक्ति हर्ष की स्वर्णिम विजय को इन नवाचारों से जोड़कर देखा जा सकता है।



### दूसरे राउंड में हुई एंट्री, फिर भी युक्ति ने जीता गोल्ड

छात्रा टीम के कोच महादेव चौधरी और मैनेजर कृष्णा आचार्य ने बताया कि छात्रा वर्ग में बोर्ड ऑर्डर नम्बर 5 पर बीकानेर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हर्षों का चौक की छात्रा युक्ति हर्ष ने दूसरे राउण्ड से खेलना शुरू करने के बावजूद व्यक्तिगत स्वर्ण जीता। युक्ति ने आसाम की तनिष्का से दूसरे राउण्ड का मैच ड्रॉ खेलकर शुरुआत की। तीसरे राउंड में चण्डीगढ़ की पीहु, चौथे में पुद्दुचेरी की स्वेधा वी तथा पांचवें राउंड में मध्यप्रदेश की ब्रेट निचेट को मात दी। छठे राउंड में झारखण्ड की अदिति भगत से युक्ति की बाजी ड्रॉ रही। इस तरह युक्ति ने पांच बाजियों में से तीन में जीत और दो ड्रॉ के साथ 4 अंक अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता।




### स्टूडेंट्स के लिए प्रतियोगिता

## संस्मरण लिखकर बच्चे बनेंगे शान्ति दूत

बेधड़क | जयपुर

पं. जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी की ओर से प्रदेश में 6 से 12वीं कक्षा के स्टूडेंट्स के लिए 'मेरे महापुरुष' संस्मरण लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बच्चों में चरित्र निर्माण और संस्कार सृजन के लिए 'मेरे महापुरुष' योजना के तहत उनके संस्मरण पढ़कर अपने शब्दों में लिख कर भेजने होंगे। अकादमी सचिव राजेन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी रहेंगे, जिन्हें 500 शब्दों में लेख लिखना होगा। वहीं कक्षा 9 से 12 तक वरिष्ठ वर्ग के बच्चे 700 शब्दों में प्रविष्टि भेज सकेंगे। प्रविष्टि Meremahanbalsahityaacademy@gmail.com पर 23 जून तक दी जा सकती है। प्रतिभागी महापुरुषों की सूची में से किसी भी आदर्श व्यक्ति को चुनकर संस्मरण भेज सकते हैं। महापुरुष सूची में महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, जाकिर हुसैन, डॉ. भीमराव अंबेडकर, अबुल कलाम आजाद, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, रामप्रसाद बिस्मिल, चंद्रशेखर आजाद, विजय सिंह पथिक, जमनालाल बजाज, अर्जुन लाल सेठी, लक्ष्मी सहगल, केसरी सिंह बारेठ, गोविंद गुरु, रतन शास्त्री, दुर्गा भाभी, ज्योतिबा फुले व लाल बहादुर शास्त्री शामिल हैं। प्रथम दस-दस बच्चों को 'हम हैं शान्ति दूत' उपाधि से सम्मानित किया जाएगा।

### सौंखिया बने अध्यक्ष



**जयपुर।** लॉयंस क्लब जयपुर चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की 2023-2024 की कार्यकारिणी में सीए रवि सौंखिया अध्यक्ष चुने गए। क्लब अध्यक्ष सीए अनुराधा गुप्ता ने बताया कि सौंखिया को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। साथ ही सचिन कुमार जैन को सेक्रेटरी व रजत चेतानी को कोषाध्यक्ष चुना गया है।

**गुड न्यूज** | **इस वर्ष देश में 50 नए मेडिकल कॉलेजों को मिली मंजूरी**

# मेडिकल एडमिशन के लिए इस बार ज्यादा ऑप्शन

बेधड़क | जयपुर

देशभर के मेडिकल कॉलेजों के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए आयोजित हुई NEET-UG का रिजल्ट अगले सप्ताह आ सकता है। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर में 1 लाख 7 हजार 658 मेडिकल सीट्स पर प्रवेश मिल पाएगा।

इस वर्ष देशभर में 50 नए मेडिकल कॉलेजों को मंजूरी दी गई है जिसके बाद 8195 नई मेडिकल सीट्स स्टूडेंट्स को मिलेंगी। इसका सीधा फायदा स्टूडेंट्स को अपने लिए बेस्ट कॉलेज का चयन करने में मिलेगा। इस वर्ष स्वीकृत नए मेडिकल कॉलेजों में 30 सरकारी व 20 निजी कॉलेज शामिल हैं। नए कॉलेज मिलाकर अब देश में



कुल कॉलेजों की संख्या 702 हो गई है।

हालांकि नेशनल मेडिकल कमिशन (NMC) ने पिछले ढाई महीने में 38 मेडिकल कॉलेजों की माध्यता निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने के कारण कथित रूप से वापस भी ली है। इनमें से 24 ने एनएमसी से अपील की है जबकि 6 कॉलेजों ने स्वास्थ्य मंत्री स्तर पर संपर्क किया है। इसके अलावा एनएमसी ने 102 कॉलेजों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### इन राज्यों में नए कॉलेजों को मंजूरी

- राजस्थान
- तेलंगाना
- तमिलनाडु
- ओडिशा
- नागालैंड
- महाराष्ट्र
- असम
- कर्नाटक
- गुजरात
- हरियाणा
- जम्मू-कश्मीर
- प. बंगाल
- उत्तर प्रदेश
- मध्यप्रदेश

### नौ साल में 69% से ज्यादा बढ़े मेडिकल कॉलेज

2014 के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। देश में डॉक्टर्स की संख्या बढ़ाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या में 70 प्रतिशत से अिधक की वृद्धि हुई है। 2014 से पहले देश में कुल 387 मेडिकल कॉलेज थे जो अब बढ़कर 702 हो चुके हैं। इसके अलावा एमबीबीएस सीटों की संख्या में भी 100 प्रतिशत ये ज्यादा की वृद्धि हुई है। 2014 से पहले कुल सीट 51 हजार 348 थी जो अब 1 लाख 7 हजार 658 हो चुकी हैं। स्नातकोत्तर सीटों की संख्या भी 107 प्रतिशत बढ़कर 31 हजार 185 से 64 हजार 559 हो गई हैं।

### आपत्तियों पर विचार के बाद आएगा रिजल्ट

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से जल्द ही नीट यूजी का रिजल्ट अगले सप्ताह जारी किया जा सकता है। एनटीए ने हाल ही परीक्षा की आंसर की जारी की थी व इस पर आपत्तियां मांगी थीं। इन आपत्तियों के निस्तारण के बाद रिजल्ट जारी किया जाएगा। नीट का रिजल्ट स्कोरकार्ड के रूप में जारी किया जाएगा। एनटीए की ओर से स्कोरकार्ड पंजीकृत अभ्यर्थियों के ईमेल पर भी भेजे जाएंगे। ऑफीशियर वेबसाइट पर रिज़ल्ट की जांच करने के लिए उम्मीदवारों को आवेदन संख्या, जन्म तिथि तथा सुरक्षा पिन दर्ज करना होगा।

## जरूरी खबर

### पाकिस्तान से फिर आया ड्रोन, 5.5 किलो हेरोइन मिली



**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल ने पंजाब के अमृतसर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी ड्रोन से गिराई गई 5.5 किलोग्राम से अधिक हेरोइन बरामद की है। बल के एक प्रवक्ता ने शनिवार को कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने शनिवार तड़के करीब चार बजे पाकिस्तान की ओर से ड्रोन आते देखा और उसे रोकने के लिए तुरंत कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि राय गांव के एक खेत में कुछ भारी वस्तु गिरने की आवाज सुनाई दी और जवानों ने घटनास्थल पर खोज शुरू कर दी। तलाश के दौरान, उन्हें मादक पदार्थों से भरा बैग मिला।

### महागठबंधन से दूर रह सकती है नेशनल कॉन्फ्रेंस



**राजौरी/जम्मू।** नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को यह कहते हुए अगले साल के आम चुनाव में भाजपा के खिलाफ महागठबंधन से अपनी पार्टी के दूर रहने का संकेत दिया कि ज्यादातर ऐसे दल अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बनाए जाने के दौरान मौन थे। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव का बिगुल फूंके जाने से पहले चुनाव पूर्व गठजोड़ की बातचीत जल्दबाजी होगी। अब्दुल्ला ने राजौरी जिले में पहुंचने पर संवाददाताओं से कहा, हमारे यहां कुल पांच लोकसभा सीट हैं और इन पांच सीट से कौन सा तूफान आ सकता है? जम्मू कश्मीर के बाहर जो हो रहा है, वह द्वितीयक प्रश्न है।

### देवास मल्टीमीडिया के CEO को किया भगोड़ा घोषित

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने देवास मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामचंद्रन विश्वनाथन को भगोड़ा आर्थिक अपराधी (एफईओ) घोषित किया है। विश्वनाथन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामले के नौ आरोपियों में से एक हैं। वर्ष 2018 के इस मामले में इन सभी लोगों पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वाणिज्यिक शाखा एंट्रिक्स कॉरपोरेशन से प्राप्त 579 करोड़ रुपये का 85 प्रतिशत अमेरिका भेजने का आरोप है।

## सेना को मिले नए अफसर... जश्न कामयाबी का



**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद अपनी उपलब्धि का जश्न मनाते सेना में शामिल हुए नए सैन्य अधिकारी। थल सेना अध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने परेड को संबोधित किया। उन्होंने आईएमए स्नातकों से कहा कि वे युद्ध के तेजी से बदलते स्वरूप से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए अपने कौशल को अद्यतन करते रहें। -पीटीआई

### नौसेना ने अरब सागर में दिखाई अपनी ताकत



**नई दिल्ली।** हिंद महासागर में चीन से बढ़ती चुनौतियों के बीच भारतीय नौसेना ने अरब सागर में एक मिशन को अंजाम दिया, जिसके तहत दो विमान वाहक, कई युद्धपोत, पनडुब्बियों और 35 से अधिक अग्रिम पंक्ति के विमानों ने हिस्सा लिया। नौसेना के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत इस अभ्यास के केंद्रबिंदु थे। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मधवाल ने कहा, अभ्यास हिंद महासागर और उससे आगे समुद्री सुरक्षा व शक्ति-प्रक्षेपण को बढ़ाने की भारतीय नौसेना की कोशिशों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

सोनीपत में महापंचायत में बोली साक्षी मलिक...

# सभी मुद्दे हल होने पर लेंगे हम एशियाई खेलों में भाग

एजेंसी | सोनीपत

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे पहलवानों ने यहां किसान, खाप व कर्मचारी संगठनों की बैठक में कहा कि वे एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा।

एशियाई खेल चीन के हांगझाऊ में 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होने हैं जबकि 30 जून से पहले टीम का चयन किया जाना है। इस महापंचायत में साक्षी मलिक, बजरंग पूनिया, साक्षी के पति सत्यव्रत कादियान और विनेश फोगाट के पति सोमवीर राठी मौजूद थे। ये पहलवान खाप पंचायतों के साथ मिलकर महापंचायत कर रहे हैं।



**15 तक गिरफ्तारी नहीं तो फिर होगा आंदोलन**

इस महापंचायत में पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं हुई तो 16 और 17 जून को दोबारा से इस मुद्दे पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। साक्षी ने पहलवानों के बीच किसी मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए कहा, मैं यह स्पष्ट कर देती हूं हम सब एक हैं। मैं, बजरंग और विनेश हम सभी एक हैं। हम एशियाई खेलों में तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। आप नहीं समझ सकते कि हम मानसिक रूप से हर दिन क्या झेल रहे हैं।अभी तक बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होने से जांच प्रभावित हो रही है। इस महापंचायत के प्रधान राजेंद्र खत्री ने कहा है कि पहलवान 15 तारीख के बाद जो भी निर्णय लेंगे उसके बाद खाप पंचायतें पहलवानों के समर्थन में उतरेंगी।

पीएम मोदी के अमेरिका दौरे की तैयारियां

# जेट इंजन सौदा बन सकता है रिश्तों की नई पहचान

एजेंसी | नई दिल्ली/वाशिंगटन

जनरल इलेक्ट्रिक और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के बीच भारत में जेट इंजनों के विनिर्माण के लिए प्रस्तावित सौदे से अमेरिकी और भारत के रक्षा उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। उम्मीद की जा रही है कि दोनों कंपनियां 22 जून को पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा के दौरान इस सौदे की घोषणा करेंगी। दोनों पक्ष इस बारे में चुप्पी साधे हैं। उद्योग विशेषज्ञों को उम्मीद है कि लंबे समय से प्रतीक्षित सौदे का दोनों देशों के बीच संबंधों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका भारत कारोबारी परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने पीटीआई-भाषा को बताया, दोनों सरकारें इस सौदे को पूरा करने के लिए भरपूर प्रयास कर रही हैं। दोनों देशों के बीच इस तरह का समझौता काफी महत्वपूर्ण होगा। मैं दोनों सरकारों के बीच हुई बातचीत का खुलासा नहीं करना चाहता, लेकिन एक व्यक्ति ने मुझसे कहा है कि अगर यह सौदा होता है, तो यह चार दशकों तक अमेरिका-भारत के रक्षा संबंधों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

## छह महीने पहले हो जाती है तैयारी शुरू

एजेंसी | वाशिंगटन

अमेरिका की राजकीय यात्रा का सम्मान बेहद करीबी दोस्तों और सहयोगियों को दिया जाता है और इसके तहत व्हाइट हाउस द्वारा छह महीने पहले ही सावधानीपूर्वक तैयारी शुरू कर दी जाती है।

प्रसिद्ध अमेरिकी इतिहासकार ने यह जानकारी दी। 'डेविड एम रुबेनस्टीन नेशनल सेंटर फॉर व्हाइट हाउस हिस्ट्री' के उपाध्यक्ष और अंतरिम निदेशक मैथ्यू कॉस्टेलो की टिप्पणी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा से पहले आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा करेंगे। मैथ्यू ने कहा, व्हाइट हाउस के कार्यक्रमों से छह महीने पहले से योजना तैयार की जाती है। उन्होंने कहा कि राजकीय रात्रिभोज के बारे में बहुत से लोग सोचते हैं कि अनेक प्रकार के भोजन परोसे जाते होंगे। लेकिन इसमें ऐसा भी बहुत कुछ होता है, जो न केवल अतिथि के देश, उनकी संस्कृति और उनके आदर्शों के लिए स्वीकृति और सम्मान दिखाता है बल्कि यह भी बताता है कि हमारे साझा विचार, लक्ष्य एवं उद्देश्य क्या हैं, जिन्हें हम द्विपक्षीय संबंध के रूप में मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि जॉन एफ कैनेडी के कार्यकाल से राजकीय रात्रिभोज का दायरा व्यापक होता गया।

## इतिहास के आईने में यात्राएं...



तत्कालीन भारतीय पीएम इंदिरा गांधी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ।



तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान अमेरीकी नेताओं के साथ।

अमित शाह की गुजरात व महाराष्ट्र में सभाएं, कहा...

# उद्धव ने भाजपा को दिया था धोखा

एजेंसी | नांदेड़ (महाराष्ट्र)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता उद्धव ठाकरे पर 2019 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी से हाथ मिलाकर भाजपा को धोखा देने का आरोप लगाया।



केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर भाजपा के संपर्क अभियान के तहत नांदेड़ में एक रैली में शाह ने कहा कि भाजपा ने पिछले साल ठाकरे नीत महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार को नहीं गिराया, बल्कि ठाकरे की नीतियों से थक चुके शिवसैनिक शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा के साथ जाने को तैयार नहीं थे। इससे पहले शाह ने शनिवार को ही गुजरात के पाटन जिले के सिद्धपुर इलाके में एक रैली को संबोधित किया। उन्होंने राहुल गांधी पर अपनी विदेश यात्रा के दौरान भारत की आलोचना करने और उसकी आंतरिक राजनीति पर चर्चा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विदेश में अपने ही देश की आलोचना करना किसी नेता को शोभा नहीं देता और राहुल इस बात को ध्यान में रखें कि देश के लोग उन्हें देख रहे हैं। गृह मंत्री का इशारा राहुल की हालिया अमेरिका यात्रा की तरफ था, जिस दौरान उन्होंने कई मुद्दों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की आलोचना की थी।

### आप की महारैली आज, एक लाख लोग लेंगे भाग

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी दिल्ली में सेवाओं पर नियंत्रण संबंधी केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ रविवार को यहां रामलीला मैदान में महारैली करेगी।

रैली में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। आप की प्रवक्ता रीना गुप्ता ने कहा कि रैली में एक लाख लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

राकांपा में बड़ा बदलाव: अजित पवार को नहीं मिली जगह

# सुप्रिया सुले व प्रफुल्ल पटेल कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

एजेंसी | नई दिल्ली

राकांपा के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष घोषित किया। सुप्रिया सुले पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण की अध्यक्ष भी बन गई हैं। इस घोषणा को पार्टी में एक पीढ़ीगत बदलाव के साथ ही पवार के भतीजे अजित पवार को वस्तुतः दरकिनार करने तौर पर देखा जा रहा है, जो अपने बगावती तेवरों के लिए पहचाने जाते हैं। पवार ने पार्टी की 24वीं वर्षगांठ पर यहां कार्यकारी अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। राकांपा के वरिष्ठ नेता अजीत पवार की मौजूदगी में यह घोषणा की गई। गौरतलब है कि पवार और पी.ए. संगमा ने 1999 में पार्टी की स्थापना की थी। पवार ने अजित, छगन भुजबल, सुनील तटकरे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में कहा, प्रफुल्ल पटेल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालेंगे। सुप्रिया सुले भी पार्टी की कार्यकारी अध्यक्ष होंगी। इस घोषणा के बाद उदास नजर आ रहे अजित पवार मीडिया से बातचीत किए बिना ही पार्टी कार्यालय से चले गए। अजित पवार ने 2019 में उस समय सभी को चौंका दिया था, जब उन्होंने भाजपा के साथ हाथ मिलाकर उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जबकि देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।




### पटेल के पास अब होगा राजस्थान का प्रभार

पवार ने पटेल को मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, झारखंड, गोवा और राज्यसभा का पार्टी प्रभारी भी बनाया। वहीं, सुले महाराष्ट्र, हरियाणा, पंजाब में पार्टी मामलों के अलावा महिलाओं, युवाओं, छात्रों और लोकसभा से जुड़े मुद्दों की प्रभारी होंगी।

### पार्टी को मजबूत करेंगे

प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि वह पवार की घोषणा से उत्साहित हैं और पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना जारी रखेंगे। सुले ने ट्वीट कर कहा, हम सामूहिक रूप से अपने देश के नागरिकों के व्यापक कल्याण के लिए सेवा भाव से कार्य करेंगे।

### अजित करेंगे सुले को रिपोर्ट

सुप्रिया सुले को महाराष्ट्र का प्रभारी बनाए जाने के बाद अब अजित पवार को पार्टी के मामलों पर सुले को रिपोर्ट करनी होगी। माना जा रहा है कि यह एक ऐसा कदम है, जिससे अजित को पार्टी में असहज महसूस करना पड़ सकता है।

### नाखुश नहीं हूं: अजित पवार

इस बीच, अजित पवार ने शनिवार को मीडिया में आई इन खबरों को खारिज कर दिया कि सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने और शरद पवार के नेतृत्व वाली पार्टी में उन्हें कोई भूमिका नहीं दिए जाने से वह नाखुश हैं। मैं बताना चाहता हूं कि मेरे पास महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी है।

मणिपुर: शांति बहाली के लिए समिति

# विभिन्न जातीय समूहों में संवाद की होगी शुरुआत

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने जातीय हिंसा से प्रभावित मणिपुर में शांति बहाली की कवायद में मदद करने और विभिन्न समुदायों के बीच बातचीत शुरू कराने के लिए राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति का गठन किया है। गृह मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि शांति समिति के सदस्यों में मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के कुछ मंत्री, सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और नागरिक समाज संगठनों के सदस्य शामिल होंगे। समिति को राज्य के विभिन्न जातीय समूहों के बीच शांति स्थापना की प्रक्रिया में मदद करने और विरोधी गुटों व समूहों के बीच शांतिपूर्ण बातचीत शुरू कराने का काम सौंपा गया है। बयान के अनुसार, समिति सामाजिक एकजुटता और आपसी समझ को मजबूत करेगी तथा विभिन्न जातीय समूहों के बीच सौहार्दपूर्ण संवाद की पहल करेगी। शांति समिति में पूर्व नौकरशाह, शिक्षाविद, साहित्यकार, कलाकार, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न जातीय समूहों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस बीच, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को इंफाल में मणिपुर के सीएम एन बीरेन सिंह से मणिपुर की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की।

## फैशन शो ऑप्टिमा-2023 में समर और फ्यूजन का जादू

# कॉट-सेट और कट आउट ड्रेस में मॉडल्स ने शोकेस किए न्यू ट्रेंड

**बेधड़क.जयपुर।** गुलाबी नगरी के रैंप पर लहंगा, कॉट-सेट, इवनिंग गाउन, लॉन्ग कोट उतरे तो फैशन की बानगी में कला प्रेमी डूबे नजर आए। डिजाइनर्स ने मॉडल्स के जरिए न्यू व स्टाइलिश कलेक्शन को शोकेस किया और यंगस्टर्स को नया ट्रेंड बताया। मौका था हाइट्स इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टैक्नोलॉजी व एडब्ल्यूपीईएम ने आरएफएफ के सहयोग से फैशन शो ऑप्टिमा-2023 का, जिसमें जेन-नेक्स्ट डिजाइनरों ने 6 फैशन सीक्वेंस प्रदर्शित किए। 7वां राउंड (ग्रैंड फिनाले) हाइट्स फैशन इंस्टीट्यूट की निदेशक अंजलि गुप्ता द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहीं, मिस राजस्थान की मॉडल्स ने डिजाइनरों के लिए रैंप वॉक की।



फोटो: पंकज शर्मा

### 100 गारमेंट्स किए शोकेस

शो में करीब 100 डिजाइनर गारमेंट्स शोकेस किए गए। हर ड्रेस के अनुसार उसकी जूलरी भी रखी गई। इस दौरान राजस्थान की ट्रेडिशनल जूलरी के साथ न्यू कलेक्शन और फ्यूजन डिजाइन देखने को मिले। इसमें रस्टिस रोमांस, इजहार-ई-इलारिया, ट्रेंडी थ्रेड्स सीक्वेंस प्रमुख थे, जिसके अनुसार मॉडल्स ने कोरियोग्राफर के इशारों पर डिजाइन शोकेस किए। इस मौके पर दीपक गुप्ता चेयरपर्सन हाइट्स इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी ने शो की जानकारी दी।



### इंडस्ट्री के दिग्गजों के लिए टॉक शो

फ्यूजन ग्रुप द्वारा आयोजित फैशन वीक का आगाज सुबह 11 किया गया। शुरुआत संस्कृति युवा संगठन अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, उपमहापौर पुनीत कर्नावट, राज्य मंत्री पवन गोदारा, राज बंसल, एच सी गणेशिया, समृद्धि शर्मा और पवन गोयल ने की। इसके बाद फैशन इंडस्ट्री के दिग्गजों ने टॉक शो आयोजित किया, जिसमें युवाओं को कई टिप्स मिले। राजस्थान फैशन फेस्ट फाउंडर योगेश मिश्रा ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन प्रवेश निशुल्क रखा गया है। इस दौरान राजस्थान की टॉप फैशन जगत की हस्तियां फैशन जगत पर चर्चा कर रही हैं।

### न्यू ट्रेंड्स और चुनौतियों पर बात

पहले दिन स्पीकर के रूप में मुख्य आकर्षण मिस्टर वर्ल्ड राजीव सिंह, जयपुर मैराथन सी ई ओ मुकेश मिश्रा, मिस इंटरकॉन्टिनेंटल इंडिया-2021 मिताली कोर, मिस राजस्थान-2018 आंचल बोहरा रही, जिन्होंने न्यू ट्रेंड्स और चुनौतियों पर बात की।

## नवजीवन अस्पताल में नारायणी सीटी स्कैन सेंटर का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** आगरा रोड कानोता में स्थित मल्टी स्पेशियलिटी नवजीवन अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर परिसर में नारायणी सिटी सेंटर का शनिवार को अस्पताल के चेयरमैन सीताराम मीणा एवं पूर्व संयुक्त निदेशक, डीआईपीआर एवं अस्पताल के प्रबंध निदेशक एससी मीना ने शुभारंभ किया। अस्पताल निदेशक डॉ. शिवानी मीना ने बताया कि आगरा रोड पर मरीजों को तत्काल अत्याधुनिक जांचों की सुविधा दूर-दूर तक नहीं होने से मरीजों को परेशानी सामना करना पड़ रहा था। मरीजों को तत्काल सभी प्रकार की जांचें अस्पताल परिसर में ही उपलब्ध करवाने के लिए सीटी स्कैन सेंटर की शुरुआत की गई है। अस्पताल के चेयरमैन सीताराम मीणा ने बताया कि अस्पताल में सभी प्रकार की सामान्य व गंभीर बीमारियों का इलाज राज्य सरकार की चिरंजीवी योजना, भामाशाह योजना, आरजीएचएस आदि के अंतर्गत नियमानुसार निशुल्क एवं बेहतर तरीके से किया जा रहा है। अस्पताल के प्रबंध निदेशक एससी मीना ने बताया कि अस्पताल में अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी बीमारियों का बेहतर तरीके से इलाज कर मरीजों को राहत पहुंचाने को दृष्टिगत रखते हुए पूर्ण सेवाभाव काम किया जा रहा है।

## 13 दिव्यांगों को स्कूटी वितरित



**बेधड़क. जयपुर।** मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने शनिवार को मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के 13 दिव्यागों को स्कूटी वितरित की। 20 स्कूटी का वितरण भी जल्दी कर दिया जाएगा। सराफ की ओर से अब तक 35 स्कूटी का वितरण किया जा चुका है। सराफ ने जैसे ही मोहित खंडेलवाल, अनुराग गोयल, रतीराम प्रजापत, विष्णु कुमार मित्तल, भगवानदास, लोकेश सिंह, महिमा सिंह, अमृत सिंह, गोपाल सिंह, कोमल राठौदिया, इंद्रकुमार तेजवानी, जगदीश सिंह, नसरीन बानो को स्कूटी वितरित की, उनके चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, ज्वाइंट डायरेक्टर समाज कल्याण विभाग बीपी चंदेल, जयपुर शहर उपाध्यक्ष ब्रह्म कुमार सैनी, मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पार्षद रमेश सैनी, उषा टाटीवाल, महेश सैनी, लक्ष्मण नुनीवाल, ममता महावर, धनराज महावर, रेखा तिवारी, ज्योति यादव, गिर्राज मानक बोहरा, मिथिलेश विजय, अशोक चौधरी, गजेंद्र सिंह, अविनाश खतिरिया, हरीश खड़िया, राजकुलदीप सिंह, प्रेम बड़ेतीया, निखिल रेशवाल, रूप सिंह कुमावत एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## City इवेंट्स

### भजनों से सरोबार हुआ मंच



**बेधड़क. जयपुर।** शहर का मंच भजनों से सरोबार रहा। मौका था नेट-थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में भजन गायक रतनलाल गठारीया की प्रस्तुति का, जिसमें उन्होंने भजनों का गुलदस्ता पेश किया। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि कलाकार ने शुरुआत गणेश वंदना गौरी के नंदा गजानन, म्हाने बुद्धि दीजो सुनाकर की। इसके बाद हे गाविन्द हे गोपाल, अब तो जीवन हारे अब तो जन्म सुधारो तथा गुरुदाता अबके म्हारो जनम सुधारो, नहीं भूलो जस थारो भजन सुनाए। भजनों की कड़ी में राम ने भजा मन म्हारा, लोभी मन लाग्यो मेरो यार फकीरी में, घनश्याम म्हारा हिवड़ा में बस जाओ, म्हारा जनम मरण रा साथी बणजा रे गोपाल जैसे भजन सुनाए। इस मौके पर ढोलक पर दीपक उमरवाल ने संगत की तो कार्यक्रम संचालन व कैमरा मनोज स्वामी, प्रकाश व संगीत सागर गढ़वाल ने किया।


### आज क्रूर सिंह होंगे बच्चों से रूबरू

**बेधड़क. जयपुर।** कोलाज ऑफ किलकारी चिल्ड्रन्स-टीन्स थिएटर वर्कशॉप का रविवार को कलमिनेशन शाम 5 बजे रवींद्र मंच पर किया जाएगा, जिसमें 100 बच्चे और टीन्स प्रस्तुतियां देंगे। राजस्थान संगीत नाटक अकादमी, राजस्थान ललित कला अकादमी, रवींद्र मंच, क्युरियो चिल्ड्रन थिएटर के संयोजन में किलकारी के दौरान चन्द्रकांता सीरियल के क्रूर सिंह यानी यक्कू अखिलेंद्र मिश्र मुख्य अतिथि होंगे। इस दौरान मनोहर सिंह स्मृति युवा एनएसडी पुरस्कार से पुरस्कृत सुकुमार टुडु को सम्मानित किया जाएगा।



### कल खाटू जाएगी बस, नहीं लगेगा किराया

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर के भक्तों को एक बार फिर खाटू श्याम के नि:शुल्क दर्शन कराए जाएंगे। इसके लिए सोडला निवासी मनीष ने फ्री बस सेवा की पहल की है जो 12 जून को रवाना होगी। उन्होंने किसी संस्था को साथ में न जोड़ते हुए लोगों को फ्री बस द्वारा खाटू श्याम ले जाने की व्यवस्था की है। बस न्यू सांगानेर रोड के एस फोर्ड के सामने श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास से रवाना होगी। इस दौरान खाटू भक्तों को प्रसादी और अल्पाहार की व्यवस्था की जाएगी।



## लाइव डेमोस्ट्रेशन और स्टोन कलर मेकिंग इवेंट

# राधा गोविन्द की पेटिंग्स से माहौल में घुला उत्सवी आनंद



बेधड़क | जयपुर

डेढ़ सौ से दो सौ साल पुरानी 'पिछवाई' कला के तैयार किए गए पेंटिंग कलेक्शन को डिस्प्ले कर मनमोहक रूप से जीवित किया। इस दौरान कलाकारों ने कला की बारीकियां भी बताईं।

मौका था वैशाली नगर स्थित दर्शनम आर्ट में आयोजित हुई लाइव पेंटिंग डेमोंस्ट्रेशन और स्टोन कलर मेकिंग इवेंट का। इस दौरान आर्ट गैलरी में लगभग 40 सकल्पचर्स, पेंटिंग्स और पिक्चर्स को प्रदर्शित किया गया। भगवान श्रीराधा गोविन्द और श्रीनाथजी पर केंद्रित सभी पेटिंग्स के साथ माहौल में उत्सवी आनंद घुल गया। कार्यक्रम में शहर के कई गणमान्यों ने पिछवाई आर्ट करना सीखा। साथ ही लाइव डेमो में प्रोफेशनल आर्टिस्ट्स द्वारा कलरफुल स्टोन से नेचुरल कलर्स बनाने की कला को जाना। ज्यादातर कलेक्टेड 20 पेंटिंग्स पर सोने की कारीगिरी को पुर्नस्थापित किया गया है।

100 साल पुरानी जयपुर धरोहर की खिड़की को संग्रह कर पेंटिंग के फ्रेम के रूप में स्थापित किया है।

दर्शनम से अभिनव बंसल ने बताया कि जयपुर में ये अपनी तरह का पहला मौका है, जहां पिछवाई का 100 साल से ज्यादा पुराना कला संग्रह कला प्रेमी देख सकते हैं। ट्रेडिशनल पेंटिंग्स को समर्पित आर्ट में अनुभवी कलाकार का कलेक्शन भी खास है। मुख्य उद्देश्य युवाओं को इनकी प्रक्रिया सीखाना और दिखाना है। कला को आने वाली पीढ़ियों तक लेकर जाना है।

## मंत्री खाचरियावास ने किया उद्घाटन

# कचरे का डिपो था, समिति ने वहां पौधे लगाकर बना दिया रमणीय



बेधड़क | जयपुर

शास्त्री नगर स्थित श्याम मार्ग बनीपार्क विस्तार योजना विकास समिति के द्वारा करवाए गए सौंदर्यीकरण के कार्यों का खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने उद्घाटन किया। समिति द्वारा वर्षों से चल रहे कचरे के अवैध डिपो को हटाकर वहां बड़े लोहे के जंगले, घास, गमले और पौधे लगाकर उस जगह को रमणीय बना दिया है। मंत्री खाचरियावास ने करीब 3 किलोमीटर तक पैदल घूम कर कॉलोनी का मौका मुआयना किया और साफ सफाई व किए गए विकास कार्यों का जायजा लिया। उनके साथ आज दौरे में जेडीए, नगर निगम के उच्च अधिकारी भी साथ रहे।

मंत्री खाचरियावास ने कहा कि वार्ड नंबर 35 में सभी विकास कार्यों को पूर्ण कर दिया गया है। पीतल फैक्ट्री चौराहे पर भी अतिक्रमण हटाकर वहां 100 फुट चौड़ी रोड बना दी गई है। उन्होंने पीतल फैक्ट्री चौराहे पर कैट आई सिविल लाइंस की तरह लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि एक करोड़ 91 लाख की लागत से बाबा चमत्कारेश्वर महादेव मार्ग पानीपेच तिराहे से चांदपोल तक की सड़क का नव निर्माण डामरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। इस दौरान पार्षद मनोज मुदगल, विकास समिति के पदाधिकारी- सुभाष पाराशर, मेघ जैन,हजारी लाल खंडेलवाल, कुलभूषण अग्रवाल, बाबूलाल जैन, अनिल जेठलिया, पवन जैन, अमरचंद मालपानी, उत्तम डूंडलोदीया, अनुपम शर्मा सहित स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## किड्स फैशन शो | बच्चों ने हुक स्टेप्स तो दिखाए ही, साथ ही न्यू ट्रेंड्स और कलेक्शन किए शोकेस

# रैंप पर इठलाए 35 शहरों के सवा सौ फ्यूचर मॉडल्स

बेधड़क | जयपुर

किड्स मॉडल्स का जयपुर के रैंप पर ऐसा जलवा था कि उनको देखकर सीनियर मॉडल्स भी रोमांचित हो उठे। बच्चों ने हुक स्टेप्स तो दिखाए ही साथ ही न्यू ट्रेंड्स और कलेक्शन शोकेस किए। यह अनूठा नजारा था 10 फैशन सीक्वेंस, डिजाइनर ड्रेसेज थीम्स और रैंप पर वॉक करते क्यूट किड्स मॉडल्स का।

इस दौरान अजमेर रोड स्थित दी पैलेस में ए इनफिनिटी टेकओवर्स की ओर से व रुद्रव प्रोडक्शन के सहयोग से नेशनल लेवल किड्स फैशन शो 'इंडियाज लिटिल फैशन हन्टर्स चैप्टर-8' में 35 शहरों के 120 किड्स मॉडल्स ने रैंप वॉक किया। आयोजक अनूप चौधरी ने बताया कि शो का यह 8वां चैप्टर था। पूरे देशभर से 1000 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए थे, जिसमें से 120 बच्चों को मेगा फिनाले के लिए सेलेक्ट किया गया।




### ग्रूमिंग वर्कशॉप और फोटो सेशन

फिनाले से पहले किड्स को 3 दिन की ग्रूमिंग वर्कशॉप दी गई। साथ ही सबका इंडोर-आउटडोर फोटो सेशन किया गया। इवेंट में डिजाइनर ड्रेसेज का कलेक्शन मिहिर, पूर्णिमा, नेहा, चांदनी, निर्मला, वीरेंद्र ने प्रेजेंट किया तो किड्स का मेकओवर अमिता मकाना ने किया। इवेंट में सेलिब्रिटी गेस्ट के तौर पर किड मॉडल व एक्ट्रेस और शो की ब्रांड एम्बेसडर हीर वर्मा मौजूद रहीं। कोरियोग्राफी राहुल शर्मा द्वारा की गई और गौरव आसुदानी गरिमा राठौड़ ने होस्ट किया।

**10 डिफरेंट डिजाइंस किए ट्रेंड:** रैंप पर 3 से 15 साल के किड्स मॉडल्स ने 10 से ज्यादा डिफरेंट डिजाइनर थीम्स पर 10 फैशन सीक्वेंस में टैलेंट दर्शाया।

**ये कलेक्शन खास:** शो में समर वियर कलेक्शन, यूनिकॉर्न थीम, फायर थीम, लैवेंडर थीम और पार्टी वियर ड्रेसेज जैसी यूनिक थीम्स पर नटखट अदाओं के साथ मॉडल्स ने परफॉर्म कर मन मोहा।

लोगों को सम्मान दीजिए, इसलिए नहीं कि उनका अधिकार है, बल्कि इसलिए कि यह आपका संस्कार है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड ग्रुप एडिटर, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## सोमालिया की राजधानी में आतंकी हमला: अलकायदा से जुड़े जिहादी संगठन अल-शबाब ने ली जिम्मेदारी



# 9 लोगों की मौत, 20 घायल

**एजेंसी** | मोगादिशु

सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में शुक्रवार को बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें तीन जवानों समेत 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हुए। सोमालिया की पुलिस ने इस घटना की पुष्टि की है। शुक्रवार की रात समुद्र के किनारे स्थित एक होटल में आतंकियों ने हमला कर दिया, जिसके बाद अफरा-तफरी मच गई।

रिपोर्ट के अनुसार हमले के बाद करीब छह घंटे तक सुरक्षाबल के जवानों और आतंकियों के बीच फायरिंग चली। पुलिस ने एक बयान में कहा कि पर्ल रेस्तरां में मारे गए लोगों में छह नागरिक और तीन सैनिक थे। इसके अतिरिक्त आमीन एंबुलेंस सेवा के निदेशक अब्दिकादिर अब्दिरहमान ने कहा कि उनके समूह ने घटनास्थल से 20 घायल लोगों को निकाला था। अलकायदा से जुड़े जिहादी संगठन अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इस आतंकी घटना के बाद होटल को सील कर दिया गया है।




### इस संगठन ने ली हमले की जिम्मेदारी

इस घटना को लेकर सोमाली नेशनल न्यूज एजेंसी ने ट्विटर पर कहा कि सुरक्षाबलों ने आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार अल-शबाब आतंकियों को सफलतापूर्वक मार गिराया है। शनिवार को पुलिस ने बताया कि अलकायदा से जुड़े जिहादी करीब 15 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समर्थित संघीय सरकार के खिलाफ विद्रोह कर रहे हैं। वे अक्सर होटलों को निशाना बनाते हैं, जो सोमाली संभ्रांत नागरिकों और विदेशी अधिकारियों की मेजबानी करते हैं।

### कई हमलों को अंजाम दे चुका है अल-शबाब

इससे पहले पिछले साल अक्टूबर में सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में अल-शबाब के आतंकवादियों ने एक होटल पर हमला किया था। उस हमले में भी 9 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 40 से अधिक लोग घायल हुए थे। अल-शबाब ने मोगादिशू शहर में इससे पहले भी कई भयानक विस्फोटों को अंजाम दिया है। आतंकी संगठन अल-शबाब की स्थापना 2006 में हुई थी। जिसके बाद से यह आतंकी संगठन नियमित रूप से सोमालिया में घटनाओं को अंजाम देता रहता है।

## यूके: संसद को किया 'गुमराह'... पूर्व पीएम जॉनसन पर लगेगा प्रतिबंध!

# बोरिस ने छोड़ा सांसद पद

**एजेंसी** | लंदन

ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने शुक्रवार को संसद की सदस्यता से अचानक इस्तीफा देकर पूरे देश को चौंका दिया। उन्होंने एक संसदीय समिति के एक बयान के बाद यह कदम उठाया।

बयान में कहा गया कि जॉनसन पर अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में कोविड रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन का उल्लंघन कर '10 डाउनिंग स्ट्रीट' में पार्टियां आयोजित करने के मुद्दे पर संसद को भ्रमित करने के मामले में प्रतिबंध लग सकते हैं। जॉनसन इस मामले में एक संसदीय समिति की जांच का सामना कर रहे हैं।

समिति इस बात का पता लगा रही है कि उन्होंने महामारी के दौरान जिन पार्टियों का आयोजन किया, क्या उन्हें लेकर उन्होंने निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' को गुमराह किया। जॉनसन का फैसला शुक्रवार को तब आया, जब उन्हें संसद की विशेषाधिकार समिति से इस महत्वपूर्ण मामले में एक गोपनीय पत्र मिला।

जॉनसन ने संसदीय समिति की इस जांच को 'उन्हें संसद से बाहर निकालने का प्रयास' करार दिया।

### 'मैंने झूठ नहीं बोला'

पूर्व प्रधानमंत्री ने माना था कि पार्टी में जुटी भीड़ ने 'सामाजिक दूरी का सख्ती से पालन नहीं किया था।' उन्होंने कहा कि पार्टी का आयोजन 'आवश्यक' कार्यक्रम के तहत हुआ था और दावा किया कि इसके लिए पूर्व अनुमति ली गई थी। जॉनसन ने जोर देकर कहा कि उन्होंने अपने विवेक के अनुसार हमेशा दिशा-निर्देशों का पालन किया है। पूर्व प्रधानमंत्री ने सांसद पद छोड़ने की घोषणा करते हुए एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा, 'मैंने झूठ नहीं बोला और मुझे विश्वास है कि समिति यह बात जानती है। वह अच्छी तरह से जानती है कि जब मैंने हाउस ऑफ कॉमन्स में बात की थी, तो मैं वही कह रहा था, जिसे मैं ईमानदारी से सच मानता था और जो मुझे किसी भी अन्य मंत्री की तरह कहने के लिए कहा गया था।'



### 'समिति ने अब तक पेश नहीं किया सबूत'

एक बयान में जॉनसन ने कहा, 'समिति ने इस संबंध में अभी तक एक भी सबूत पेश नहीं किया है कि मैंने जानबूझकर या लापरवाही से हाउस ऑफ कॉमन्स को गुमराह किया।' इससे पहले, शुक्रवार को उन्हें जांच समिति की रिपोर्ट की एक प्रति मिली, जो अभी प्रकाशित नहीं की गई है। जॉनसन ने दावा किया कि यह रिपोर्ट 'त्रुटियों और पूर्वाग्रहों से भरी हुई' है। मार्च में विशेषाधिकार समिति को सौंपे गए साक्ष्य में जॉनसन ने संसद को गुमराह करने की बात स्वीकार की थी, लेकिन उन्होंने जानबूझकर ऐसा करने से इनकार किया था।

## पाकिस्तान: मुझे जबरन मुसलमान बनाया, मां के पास जाना है...

# रोती रही हिंदू लड़की... नहीं पसीजा जज

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

सिंध प्रांत में कथित रूप से अपहरण के बाद जबरन धर्मांतरण करवा कर एक मुस्लिम से ब्याह दी गई 14 वर्षीय एक हिंदू लड़की को अदालत ने उसके अनुरोध के बाद भी उसके माता-पिता के साथ भेजने से इनकार कर दिया। दो जून को सिंध प्रांत के बेनजीराबाद जिले में बंदूक के दम पर सोहना कुमारी शर्मा को उसके घर से मां के सामने उसके ट्यूटर ने साथियों के साथ कथित रूप से अगवा कर लिया था। उसके पिता दिलीप कुमार ने पुलिस में अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। बाद में सामने आए एक वीडियो में सोहना ने स्पष्ट रूप से कहा कि दबाव में आकर उसने इस्लाम कबूल कर लिया है और एक मुसलमान से ब्याह कर लिया है। हालांकि उसके माता-पिता ने कहा कि वह नाबालिग है। सोशल मीडिया पर जनाक्रोश व्यक्त किए जाने पर इस घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने जिले में एक घर से सोहना को बरामद किया। शुक्रवार को उसे लरकाना में एक जिला अदालत में पेश किया गया। सोहना ने अदालत में कहा कि उसे अपहरण कर मुसलमान बना दिया गया और अब वह अपने माता-पिता के पास लौटना चाहती है। वह रोती रही, लेकिन जज ने यह कहते हुए 12 जून तक सुनवाई स्थगित कर दी कि बयान देते समय सोहना दबाव में जान पड़ रही थी।

## IS ने ली बम हमले की जिम्मेदारी

**इस्लामाबाद**। आईएस ने अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व हिस्से में एक शोक सभा पर हुए आत्मघाती बम हमले की जिम्मेदारी ली है। इस हमले में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 30 अन्य घायल हुए थे। आईएस के 'इस्लामिक स्टेट इन खुरासन प्रोविंस' ने शुक्रवार को कहा कि गुरुवार को मस्जिद के सामने शोक सभा को (उसके) हमलावर ने निशाना बनाया था।

# यूक्रेन पर रूस के मिसाइल हमले

**एजेंसी** | कीव

यूक्रेनी सेना और रूसी बलों के बीच शनिवार को भीषण लड़ाई जारी रही। वहीं, बाढ़ और युद्ध के हालात के कारण यूक्रेन में स्थित यूरोप के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के अंतिम रिएक्टर का संचालन भी ठप हो गया।

यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूस ने शुक्रवार रात को मिसाइलों और ड्रोन के जरिए लगातार हमले किए, जिससे सैन्य ठिकानों को नुकसान के साथ ही चार नागरिकों की मौत हो गई जबकि दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस बीच, बिना किसी पूर्व घोषणा के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शनिवार को कीव की यात्रा पर पहुंचे। ट्रूडो के साथ उप प्रधानमंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड भी यूक्रेन पहुंची हैं। गौरतलब है कि पिछले साल फरवरी में यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद से ट्रूडो की यह दूसरी कीव यात्रा है। यूक्रेनी सेना ने बिना विवरण साझा किए कहा कि रूसी बलों के साथ 'भीषण युद्ध' जारी है। इसने कहा कि रूसी बल यूक्रेन के खेरसोन और जेपोरीजिया प्रांतों में भी हवाई हमले कर रहे हैं।

परमाणु एजेंसी ने कहा कि जेपोरीजिया परमाणु संयंत्र के सभी छह रिएक्टर का संचालन ठप हो गया है। हालांकि, कखोवका बांध के टूटने के कारण संयंत्र को प्रत्यक्ष तौर पर खतरा नहीं है।

## जापान में हंसने की ट्रेनिंग ले रहे लोग

# 'हॉलीवुड स्माइल' की कर रहे प्रैक्टिस

**एजेंसी** | टोक्यो

तीन साल पहले जब दुनिया कोरोना वायरस जैसी खतरनाक बीमारी का सामना रही थी तो हर देश ने मास्क अनिवार्य कर दिया था। जापान में भी महामारी ने जमकर कहर बरपाया और यहां पर मास्क को लेकर काफी कड़े नियम लागू किए गए थे।

अब तीन साल के बाद वे स्माइल कोच की मदद से सीख रहे हैं कि खिलखिलाकर और बिना किसी पाबंदी के हंसा कैसे जाए। कुछ लोगों ने माना है कि वे मुस्कुराना भूल गए हैं। स्माइल एजुकेशन नामक कंपनी में कोच केइको कवानो ने असाही शिंबुन को बताया, 'मास्क पहनना आदर्श बन गया है और लोगों के पास मुस्कुराने के कम अवसर हैं।'




### कैसे बने मुस्कान बेस्ट

कोच ने कहा कि चेहरे की मांसपेशियों को हिलाना और आराम देना एक अच्छी मुस्कान बनाने का बेस्ट तरीका है। वह चाहती हैं कि लोग अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए सचेत रूप से मुस्कुराते हुए समय बिताएं। उनकी कोचिंग में आने वाले लोगों ने मुस्कुराने में अपनी तरक्की की जांच करने के लिए हैंडहेल्ड मिरर का इस्तेमाल किया। टीवी और सोशल मीडिया पर मशहूर कवानो ने पिछले छह सालों में 4,000 से अधिक लोगों मुस्कुराने की कला में ट्रेनिंग दी है। अब वह 20 और टीचर्स के साथ अपनी कंपनी को चला रही हैं और पूरे जापान में कक्षाएं चल रही हैं।

### हॉलीवुड स्माइल की खास ट्रेनिंग

क्लासेज महिलाओं के बीच ज्यादा लोकप्रिय हैं। आमतौर पर चेहरे के तनाव को दूर करने के लिए स्ट्रेच के साथ इनकी शुरुआत होती हैं। इससे पहले यहां आने वाले लोग अपने हाथ में पकड़े आईने को आंखों तक लेकर आते हैं और फिर कवानो के निर्देशों के अनुसार अपने चेहरे को हिलाते हैं। कवानो ने कहा, 'एक मुस्कान केवल एक मुस्कान है, इसे व्यक्त किया जाता है। अगर आप मुस्कुराने के बारे में सोच रहे हैं या आप खुश हैं, अगर आपकी कोई अभिव्यक्ति नहीं है, तो आपका भाव आपके दर्शकों तक नहीं पहुंचेगा।'




Sach Bedhadak SachBedhadak Sach Bedhadak sach_bedhadak



सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl